जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 47 संख्याः 206 प्रभात बीकानेर, बुधवार 18 फरवरी, 2026 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रू.

## क्या टूट जाएगा कांग्रेस का सबसे भरोसेमंद गठबंधन

### राहुल ब्रिगेड तमिलनाडु में द्रमुक से गठबंधन तोड़ने पर आमादा लग रही है

- राहुल के करीबी माने जाने वाले माणिकम टैगोर तथा प्रवीण चक्रवर्ती ने द्रमुक के मुखिया तथा राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन से सत्ता में भागीदारी देने और सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग की है, जिसे स्टालिन ने पूरी तरह से ठुकरा दिया है।
- सूत्रों से पता चला है, ये दोनों नेता-अभिनेता विजय के संपर्क में हैं और उनकी पार्टी से गठबंधन की संभावनाएं तलाश रहे हैं।
- कांग्रेस व द्रमुक में तनाव बढ़ता जा रहा है। यहाँ तक कि वरिष्ठ नेता पी. चिदम्बरम् को हस्तक्षेप करना पड़ा, उन्होंने स्टालिन से मुलाकात कर ठंडे छींटे देने की कोशिश की।
- लेकिन राहुल टीम के नेता अभी भी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं, उन्हें यह समझ नहीं है कि तमिलनाडु में कांग्रेस का अस्तित्व द्रमुक पर आश्रित है। अगर द्रमुक चुनाव जीतती है तो कांग्रेस भी कुछ सीटें जीत जाती है, अगर द्रमुक हारती है तो कांग्रेस का भी खाता नहीं खुलता।
- देखना यह है कि क्या राहुल कांग्रेस के इस सबसे पुराने तथा भरोसेमंद गठबंधन को बचाने के लिए क्या अपनी टीम के नेताओं पर लगाम कसेंगे या वही करेंगे, जैसा उनके सलाहकार चाहते हैं।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 फरवरी। कांग्रेस और द्रमुक (डीएमके), जैसे पुराने सहयोगियों के बीच तनाव अब चरम पर पहुंच चुका है, तमिलनाडु विधानसभा चुनाव सिर्फ एक महीने दूर हैं। कांग्रेस की सत्ता में हिस्सेदारी और चुनावी सीटों की संख्या बढ़ाने की लगातार मांग ने इसे और बढ़ा दिया है।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने दोनों मांगों पर स्पष्ट इन्कार कर दिया है, लेकिन कांग्रेस अपनी मांग लगातार रख रही है। मणिकम टैगोर और प्रवीण चक्रवर्ती दोनों ही जोर-शोर से इसे आगे बढ़ा रहे हैं।

इतना ही नहीं, एआईसीसी के संगठन प्रभारी महासचिव के सी वेणुगोपाल 22 फरवरी को चेन्नई जाने वाले हैं और वे मुख्यमंत्री स्टालिन से मिलने के लिए तैयार हैं, ताकि इस उलझन को सुलझाया जा सके।

चक्रवर्ती ने अभिनेता से नेता बने विजय से मुलाकात की है, ताकि द्रमुक से अलग होकर विजय की पार्टी से गठबंधन किया जा सके।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम भी इस घमासान में कूद पड़े और स्टालिन से मुलाकात कर मतभेदों को हल करने की कोशिश की।

उन्होंने प्रवीण चक्रवर्ती का विरोध करने के लिए ट्वीट किया, लेकिन वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि समस्या यह है कि प्रवीण राहुल गांधी के करीबी हैं और उन पर प्रभाव रखते हैं, जबकि चिदंबरम वरिष्ठ पीढ़ी से हैं।

विजय भी हालात का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं और कांग्रेस को डीएमके से अलग करने और उनके साथ गठबंधन करने के लिए प्रयासरत हैं।

इस वक्त यह लड़ाई मानसिक स्तर पर है, जिसमें राहुल की युवा टीम यह समझाने में लगी हुई है कि अब कांग्रेस को दबाकर रखने का समय खत्म हो चुका है और पार्टी को अपनी स्थिति स्थापित करनी चाहिए।

वे यह समझने में असफल हैं कि कांग्रेस केवल द्रमुक के साथ जीतती है और अकेले वह कभी जीतने की स्थिति में नहीं होती।

लेकिन राहुल अपने समूह से आसानी से प्रभावित हो जाते हैं, बजाय इसके कि वे खुद मामलों को समझें।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बांग्लादेश के प्र.मंत्री ने बिड़ला से मुलाकात की

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 फरवरी। बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारेक रहमान ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से शिष्टाचार मुलाकात के दौरान भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुभकामनाएं दीं, यह मुलाकात नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद हुई।

लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें भारत की शुभकामनाएं और भारत यात्रा का निमंत्रण दिया। दोनों नेताओं ने बांग्लादेश और भारत के लोगों की भलाई के लिए जन-केन्द्रित सहयोग के प्रति आशा व्यक्त की।

- मुलाकात में बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने स्पीकर ओम बिड़ला के मार्फत भारत के प्रधानमंत्री को अपनी शुभकामनाएं भेजीं।

बिड़ला ने उनके दिल्ली-स्थित कार्यालय से जारी एक बयान में बांग्लादेश की नई सरकार के शपथ - ग्रहण समारोह में शामिल होने पर खुशी व्यक्त की, और कहा, "एक लोकतांत्रिक प्रगतिशील तथा समावेशी राष्ट्र के निर्माण में बांग्लादेश के प्रयासों में सहयोग के लिये भारत तैयार खड़ा है।"

## जाते-जाते भी भारत के खिलाफ ज़हर उगल गए मोहम्मद यूनुस

### बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने अपने विदाई भाषण में एक बार फिर भारत के सात पूर्वोत्तर राज्यों को अलग करने की बात कही

- यूनुस ने कहा, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और "सैवन सिस्टर्स" (भारत के सात पूर्वोत्तर राज्य) को मिलाकर एक क्षेत्रीय आर्थिक ढांचा बनाया जाना चाहिए। यूनुस ने पूर्व में भी सैवन सिस्टर्स को भारत से छीन लेने की बात कही थी।
- नई सरकार के शपथ लेने के बाद भी ज्यादा बड़ी राहत की उम्मीद नहीं है, क्योंकि नई सरकार में कुछ ऐसे नेताओं को मंत्री बनाया गया है, जिनका इतिहास कट्टर भारत विरोध का रहा है। इनमें सलाहुद्दीन अहमद, रिटायर्ड मेजर हाफिज़उद्दीन अहमद, नुरूल हक नूर, ज़ोनायेद साकी शामिल हैं।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। बांग्लादेश के निवर्तमान मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने जाते-जाते भारत पर कड़ा हमला किया है। उन्होंने एक बार फिर अपने उप-क्षेत्रीय आर्थिक ढांचे की योजना का जिक्र किया, जिसमें बांग्लादेश, भूटान, नेपाल और उत्तर-पूर्व के सात राज्यों के बीच संयुक्त समन्वय की बात कही गई है।

अपने विदाई भाषण में इस विचार को दोहराते हुए, यूनुस ने एक बार फिर उत्तर-पूर्वी राज्यों का जिक्र करते समय भारत का नाम नहीं लिया। खुफिया पर्यवेक्षकों का कहना है कि यूनुस ने एक ऐसा "रणनीतिक संदेश" देने की कोशिश की है, जिसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय पक्षों के सामने भारत के उत्तर-पूर्व को अलग तरीके से पेश करना है। इस क्षेत्र को सीधे भारतीय क्षेत्र बताने के बजाय, एक उप-क्षेत्रीय आर्थिक समूह के रूप में दिखाना वैश्विक शक्तियों को यह संकेत दे सकता है कि यह क्षेत्र एक बड़े और बातचीत तथा मोल-भाव योग्य आर्थिक क्षेत्र का हिस्सा है।

हालांकि यूनुस की सरकार अब सत्ता से बाहर हो गई है और बीएनपी नेता तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है, लेकिन भारत-बांग्लादेश संबंध अभी भी अनिश्चित दिखाई दे रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि प्रधानमंत्री रहमान के मंत्रिमंडल में कुछ ऐसे लोग शामिल हैं, जिन्हें पहले से कट्टर "भारत विरोधी" (इंडिया हॉक्स) माना जाता रहा है। इनमें सलाहुद्दीन अहमद और मेजर (सेवानिवृत्त) हाफिज उद्दीन अहमद जैसे लोग शामिल हैं, जो भारत की सीमा सम्बन्धी नीतियों और जल बंटवारे के समझौतों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गावस्कर और कपिल सहित 14 क्रिकेटर्स ने इमरान खान के स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताई

### इन क्रिकेटर्स ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज़ शरीफ़ को चिट्ठी लिखी

- क्रिकेटर्स ने कहा, इमरान खान खेल की दुनिया में एक सम्मानित नाम हैं, उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए, उन्हें पर्याप्त चिकित्सा सुविधा दी जानी चाहिए। क्रिकेटर्स ने इमरान खान की दाहिनी आँख की दृष्टि बेहद कम होने पर भी चिंता जताई।
- यह चिट्ठी ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेट कप्तान ग्रेग चैपल ने लिखी थी तथा सुनील गावस्कर, कपिल देव, एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ, ईअन चैपल, माइक एथरटन, नासिर हुसैन, माइक ब्रेयरली, डेविड गोवर, क्लाइव लॉयड और जॉन राइट ने इस पर हस्ताक्षर किए हैं।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 फरवरी। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खान के प्रति सहभाव दर्शाते हुए 14 जाने-माने क्रिकेटर्स, जिनमें सुनील गावस्कर व कपिल देव भी शामिल हैं, ने मंगलवार को पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पत्र लिखा और इमरान खान के स्वास्थ्य के प्रति चिंता दर्शाई तथा अपील की कि इमरान खान को बेहतर चिकित्सा सुविधा दी जाए।

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ग्रेग चैपल द्वारा तैयार किए गए पत्र पर सुनील गावस्कर, कपिल देव, ऐलन बॉर्डर, स्टीव वॉ, इयान चैपल, माइक एथर्टन, नासिर हुसैन, माइक ब्रेयरले, डेविड गावर, क्लाइव लॉयड और जॉन राइट जैसे क्रिकेट दिग्गजों ने हस्ताक्षर किए हैं।

पूर्व कप्तानों ने पत्र में लिखा, "उनके स्वास्थ्य को लेकर हालिया रिपोर्ट्स, विशेष रूप से उनकी दृष्टि में आ रही खतरनाक गिरावट और पिछले ढाई सालों में उनकी जेल की स्थिति ने हमें गहरी चिंता में डाल दिया है।"

उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि इमरान खान जैसे व्यक्ति, जो एक पूर्व राष्ट्रीय नेता और एक वैश्विक खेल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विख्यात फिल्म लेखक सलीम खान आईसीयू में

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 फरवरी। बॉलीवुड के दिग्गज पटकथा लेखक 90 वर्षीय सलीम खान की तबियत बिगड़ने पर उन्हें मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों के अनुसार, सलीम खान के सबसे बड़े बेटे और बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अपने पिता को देखने बांद्रा के लीलावती अस्पताल पहुंचे।

पीटीआई के अनुसार, सलीम खान को सुबह अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे फिलहाल अस्पताल के इंटेन्सिव केयर यूनिट (आईसीयू) में हैं।

सलीम खान की बेटी अलवीरा खान, दामाद अतुल अग्निहोत्री और दोहिते अयान अग्निहोत्री ने भी अस्पताल में जाकर उन्हें देखा। सलीम खान की गोद ली हुई बेटी अर्पिता खान के पति, अभिनेता आयुष शर्मा भी अस्पताल में देखे गए। सलीम खान अपने पूर्व सहयोगी जावेद अख्तर के साथ "शोले", "हाथी मेरे साथी", "जंजीर" और "मि. इंडिया" जैसी कालजयी फिल्में लिखने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 24 नवम्बर 2025 को अपना 90वां जन्मदिन मनाया था।

## तीस साल "बेगमों की सल्तनत" के बाद, बांग्लादेश को नया प्रधानमंत्री मिला

### पर, पुरानी आदतें और परम्पराएं पीछा नहीं छोड़ रहीं, और देश के निवर्तमान अंतरिम सलाहकार, मोहम्मद यूनुस का भारत विरोधी रवैया व व्यवहार बार-बार सिर उठा रहा है

- जमात-ए-इस्लामी पार्टी भी जोर दे रही है कि नवनिर्वाचित सांसदों की सबसे बड़ी प्राथमिकता है, देश के लिए, नया संविधान तैयार करना।
- पर, नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री का कहना है कि सांसद पार्लियामैंट में इसलिए निर्वाचित हुए हैं कि सरकार का गठन करें, न कि इसलिए वे नया संविधान तैयार करें।
- नवनिर्वाचित प्र.मंत्री रहमान चाहते हैं, सरकार की प्राथमिकता, आर्थिक एजेंडा होना चाहिए, इकोनॉमिक डवलपमैंट तथा बेरोज़गारी खत्म करना।
- प्र.मंत्री रहमान की सरकार की सफलता इस बात से आंकी जाएगी कि इन मूल आर्थिक मुद्दों से वे किस हद तक निपटते हैं, न कि इस बात से कि भारत के साथ झूठी प्रतिस्पर्धा में कितनी प्रगति करी।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। बांग्लादेश के नए चुने गए नेता तारिक रहमान ने, भ्रम की स्थिति के बीच, नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। यह भ्रम देश के संविधान में बदलाव को लेकर था।

जहां विपक्षी दल जमात-ए-इस्लामी का कहना था कि संसद के नए सदस्यों को देश के संविधान में संशोधन की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, वहीं सत्तारूढ़ पार्टी का कहना था कि सदस्यों को सरकार बनाने के लिए चुना गया है, न कि संविधान में सुधार करने के लिए।

नई सरकार के गठन के साथ ही स्थिति और उलझ गई, जब अंतरिम सरकार के पूर्व मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने भारत के खिलाफ अपना जाना-पहचाना हमला शुरू कर दिया।

मोहम्मद यूनुस शायद पर्दे के पीछे से घटनाओं को प्रभावित करने और कुछ सत्ता अपने पास बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं नई सरकार अतीत की राजनीति और अतिरिक्त संवैधानिक शक्तियों की छाया से बाहर निकलने की कोशिश कर रही है।

यह एक महत्वपूर्ण घटना है। रहमान का चुनाव उस शासन के तीस साल के दौर को समाप्त करता है, जिसे बेगमों का शासन कहा जाता है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और पूर्व प्रधानमंत्री तथा पूर्व राष्ट्रपति ज़ियाउर रहमान की पत्नी बेगम खालिदा ज़िया के बीच पिछले तीस वर्षों से टकराव चलता रहा था।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मैक्रों से मिलने मुम्बई गए प्र.मंत्री

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 फरवरी। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों तीन दिवसीय भारत दौरे पर है। मैक्रों से मिलने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुम्बई गए।

फ्रांस भारत के साथ अपनी सैन्य साझेदारी को विस्तार देने की कोशिश कर रहा है, और मैक्रों की पीएम मोदी से संभवतया आर्टिफिशयल इंटैलीजैंस में सहयोग व कृत्रिम डसॉल्ट राफेल जेट सौदा होगा।

- फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों भारत के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार देर रात मुम्बई पहुँचे थे।

दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे और भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे।

मैक्रों सोमवार रात लगभग मध्यरात्रि को अपनी पत्नी ब्रिजित के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## इण्डिया एआई समिट में बिल गेट्स का नाम "ड्रॉप" हुआ?

### ऐसा कहा जा रहा है कि बिल गेट्स का नाम इसलिए ड्रॉप हुआ है, क्योंकि दुराचारी एप्स्टीन की फाइलों में बिल गेट्स का नाम भी उजागर हुआ है

- बिल गेट्स ने भी स्वीकार किया कि 2010 में वे एप्स्टीन से मिले थे, परोपकारी व दान की संभावना के लिए, हालांकि, यह मुलाकात एक गलती थी तथा वे एप्स्टीन के टापू पर कभी नहीं गए।
- एआई समिट की वैबसाइट से बिल गेट्स का नाम हटा दिया गया है, हालांकि, इस बारे में भारत सरकार का कोई अधिकृत वक्तव्य नहीं आया है।
- दूसरी ओर बिल गेट्स के ऑफिस ने पुरज़ोर ढंग से दावा किया कि वे भारत की एआई समिट में जरूर शामिल होंगे तथा मुख्य भाषण भी देंगे।
- सच्चाई क्या है, यह समिट के समाप्त होने के बाद, धुंध साफ होने पर ही जाहिर होगा।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 17 फरवरी। वैश्विक प्रौद्योगिकी कूटनीति की दुनिया में, अनुपस्थितियां भाषणों से अधिक प्रभावशाली होती हैं। इसलिए जब यह रिपोर्टें आईं कि बिल गेट्स का नाम 2026 के इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट समिट की आधिकारिक वेबसाइट से चुपचाप गायब हो गया, तो इस खामोशी ने तूफान खड़ा कर दिया।

क्या गेट्स को हटा दिया गया था? क्या उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया था? या यह केवल एक डिजिटल गड़बड़ी थी, जिसे भू-राजनीतिक नाटक में बदल दिया गया?

पिछले कुछ दिनों में, सरकार, समिट आयोजकों और गेट्स फाउंडेशन ने ऐसे संकेत दिए हैं, जो पूरी तरह से मेल नहीं खाते, जिससे भारत की राजधानी दिल्ली में आयोजित इस प्रमुख आर्टिफिशियल इन्टैलीजैंस (ए.आई.) समिट के सबसे हाई प्रोफाइल आमंत्रितों में से एक बिल गेट्स को लेकर भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

विवाद तब शुरू हुआ, जब गेट्स का नाम, जो पहले "ग्लोबल विज़नरीज़" के तहत सूचीबद्ध था, अब समिट की आधिकारिक वेबसाइट के कुछ हिस्सों पर दिखाई नहीं दे रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स ने जल्दी ही इसका पालन किया, जिसमें नामी सरकारी सूत्रों के हवाले से यह कहा गया कि गेट्स "संभावित रूप से उपस्थित नहीं होंगे", क्योंकि हाल ही में यू.एस. द्वारा जारी दस्तावेजों में सेक्स अपराधी जेफरी एप्स्टीन के साथ इनका नाम आया था।

इन रिपोर्ट्स में यह संकेत दिया गया था कि भारत सार्वजनिक भावना को ध्यान में रखते हुए, "पीड़ितों के साथ खड़ा है", इसका अर्थ था कि गेट्स की भागीदारी पर पुनर्विचार किया गया था।

हालाँकि, इसमें एक महत्वपूर्ण चेतावनी थी, प्रधानमंत्री कार्यालय या इलैक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय द्वारा गेट्स का औपचारिक रूप से निमंत्रण वापस लेने के संबंध में कोई लिखित बयान जारी नहीं किया गया था। "सरकारी सूत्रों" द्वारा दी गई टिप्पणियों को किसी आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति से समर्थन नहीं मिला था।

लगभग उसी समय, गेट्स फाउंडेशन ने अपनी स्थिति स्पष्ट की। फाउंडेशन ने कहा कि गेट्स समिट में भाग लेंगे और अपना निर्धारित मुख्य भाषण देंगे। फाउंडेशन के अनुसार, उनकी भागीदारी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

यह बयान सीधे तौर पर उस बात का खंडन करता है, जिसमें यह कहा गया था कि उनका नाम हटा दिया गया था। इसने समिट आयोजकों की ओर भी ध्यान खींचा, जिन्होंने अब तक वेबसाइट लिस्टिंग और फाउंडेशन के दावे के बीच विसंगति को स्पष्ट करने के लिए कोई विस्तृत स्पष्टीकरण जारी नहीं किया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'अजित पवार विमान हादसे की सीबीआई जांच हो'

मुंबई, 17 फरवरी। महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात कर अजित पवार विमान हादसे की सीबीआई जांच की मांग की। इस मौके पर एन.सी.पी. (ए.पी.) के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे, मंत्री हसन मुश्रीफ और पार्थ पवार मौजूद थे। मुख्यमंत्री फडणवीस से मुलाकात के बाद एन.सी.पी. (ए.पी.) अध्यक्ष सुनील तटकरे ने पत्रकारों को बताया कि पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की विमान हादसे में मौत के बाद कुछ शंका व्यक्त की जा रही है और विमान हादसे की सच्चाई आम जनता जानना चाहती है। इसलिए इस घटना की गहन छानबीन और हर तरह के तथ्यों की जांच देश की उच्च स्तरीय जांच एजेंसी सीबीआई से करवाना जरुरी है।

- उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने मुख्यमंत्री फड़णवीस से मांग की।

## विचार बिन्दु

मौन वार्तालाप की एक महान कला है। –हैजलट

# बजट सामूहिक उत्तरदायित्व में घोषणाएं व्यक्तिगत नहीं होती!

राजस्थान विधान सभा में पिछले हफ्ते राज्य का वर्ष 2026–27 का बजट प्रस्तुत किया गया। उसके प्रावधानों तथा उसमें किए गये प्रस्तावों व घोषणाओं पर राजनीतिक और मीडिया के अलावा कारोबारी जगत की फौरी टिप्पणियां आ चुकी है। विपक्ष के लिए वह किसी काम का नहीं है,और सत्तारूढ़ दल के लिए वह सर्वश्रेष्ठ है। मगर इस बजट भाषण में वित्तीय आंकडों और प्रस्तावों से कुछ इतर भी झलकता है। पिछले कुछ समय से एक नई प्रवत्ति देखने को मिल रही है जिसमें बजट भाषण सामूहिक दायित्व की जगह व्यक्तिवादी होता जा रहा है। यह प्रवत्ति इस बार सिर चढ़ कर बोलती नजर आई, जिसमें सामूहिक निर्णय को व्यक्तिगत नेतृत्व के प्रचार में बदले जाने की कवायद भी थी। बजट को अब पार्टी की नहीं,व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया जाने लगा है। राजस्थान की वित्त मंत्री जब अपने बजट भाषण में बार–बार मुख्यमंत्री का गुणगान करती है और सदन में चारों ओर नजर घुमा कर कहती है कि मैं घोषणा करती हूं, तब प्रश्न विधिक नहीं, राजनीतिक शिष्टाचार और संवैधानिक संस्कृति का बन जाता है। बजट व्यक्ति का नहीं, सरकार का दस्तावेज होता है जिसे विभागीय स्तर पर तैयार किया जाता है, मंत्रिपरिषद् द्वारा अनुमोदित किया जाता है, और अंततः सदन द्वारा पारित किया जाता है। ऐसी स्थिति में 'मैं घोषणा करती हूं' का प्रयोग एक प्रकार से व्यक्तिगत स्वामित्व का संकेत देता हुआ प्रतीत होता है, भले ही विधिक रूप से ऐसा न हो। बहुतों को यह भाषा संसदीय गरिमा और लोकतांत्रिक नैतिकता के विरुद्ध लग सकती है। मैं का यह चलन महलों से आने वाली वसुंधरा राजे तथा कांग्रेस के अशोक गहलोत ने शुरू किया था। विधान सभा में बजट भाषण केवल आय–व्यय का विवरण नहीं होता; वह सरकार की नीतिगत दिशा, प्राथमिकताओं और वैचारिक प्रतिबद्धताओं का औपचारिक वक्तव्य होता है। ऐसे में जब वित्त मंत्री बार–बार यह कहे 'मैं घोषणा करती हूं' तो यह प्रश्न स्वाभाविक ही पूछा जा सकता है कि क्या यह भाषा संसदीय परंपरा और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना के अनुरूप है? यह भाषा की समस्या नहीं है। समस्या भाव में है। यदि बजट भाषण में बार–बार मैं की प्रधानता हो और सरकार या मंत्रिपरिषद् की सामूहिकता गौण हो जाए, तो यह लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए चिंता का विषय हो सकता है। क्योंकि लोकतंत्र में नीतियां व्यक्तियों की नहीं, संस्थाओं की होती हैं। उत्तरदायित्व साझा होता है, उपलब्धि भी साझा होनी चाहिए। इसलिए सिद्धांततः यह कहना अधिक उपयुक्त माना जाता है कि – सरकार यह घोषणा करती है या राज्य सरकार प्रस्ताव करती है। माना जाता है कि बजट भाषण वित्तीय आंकडों के साथ राज्य के आर्थिक हालात को सदन में सामने रखता है और सरकार की लोक कल्याण की नीतियों व कार्यक्रमों की जानकारी देता है। वह राजकोष में आने व उससे खर्च होने वाले पैसों का हिसाब–किताब प्रस्तुत करता है तथा एक–एक पाई खर्च करने की सदन से अनुमति लेता है। भले ही बजट बहुमत के बल से पास होता है, फिर भी यह संवैधानिक व्यवस्था राज्य और प्रशासन को एक मर्यादा में बांधे रखती है। भारतीय संसदीय शासन प्रणाली की मूल आत्मा सामूहिक मंत्रिपरिषद् उत्तरदायित्व की है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 164 के अनुसार मंत्रीपरिषद् विधान सभा के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी होती है। इसका अर्थ है कि कोई भी नीति, योजना या वित्तीय प्रस्ताव किसी एक मंत्री की व्यक्तिगत सोच नहीं, बल्कि पूरी सरकार के विचार–विमर्श और स्वीकृति का परिणाम होता है। वह पूरी मंत्रिपरिषद् द्वारा स्वीकृत दस्तावेज होता है, जो अंततः सदन द्वारा पारित होकर ही प्रभावी बनता है।

ब्रिटेन की संसद में चांसलर ऑफ द एक्सचेकर आई प्रपोज़ या आई अनाउन्स जैसे शब्दों का प्रयोग करते हैं। लेकिन वहां अब भी राज्य सत्ता राजा या रानी में निहित है भले ही वह अलंकारिक हो। मगर भारत का संविधान यहां की सत्ता नागरिकों के हाथ में देता है। इसीलिए व्यक्तिगत नेतृत्व की छवि गढ़ने के लिए संसदीय मंच का प्रयोग मर्यादित होना चाहिए। लोकतंत्र में संस्थाओं की प्रतिष्ठा व्यक्ति से ऊपर मानी जाती है। यदि बजट को व्यक्तिगत घोषणा–पत्र की तरह प्रस्तुत किया जाने लगे, तो इससे संस्थागत संतुलन कमजोर पड़ सकता है। वित्त मंत्री सरकार के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में बोलते हैं। किन्तु लोकतांत्रिक परिपक्वता की कसौटी केवल वैधानिकता नहीं, बल्कि संवैधानिक शिष्टाचार और राजनीतिक संस्कृति भी होते है। यदि भाषा में सामूहिकता का बोध झलके, तो वह संसदीय गरिमा के अधिक अनुकूल होता है। प्रश्न यह नहीं है कि मैं कहना अपराध है या नहीं; प्रश्न यह है कि क्या हम लोकतंत्र को व्यक्तियों के इर्द–गिर्द देखना चाहते हैं या संस्थाओं के माध्यम से? बजट भाषण की भाषा इसी व्यापक विमर्श का संकेतक बन जाती है। क्या यह अनायास है कि वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण के में अपने मैं के साथ इस पुरानी सूक्ति को उद्धृत किया: राजा प्रजा सूखे सुखम्, प्रजानाम् च हिते हितम् और कहा शासक का सुख प्रजा के सुख में है तथा हित भी प्रजा के हित में निहित है। प्रजा और नागरिक दोनों शब्द राज्य और व्यक्ति के संबंध को व्यक्त करते हैं, लेकिन इनके अर्थ, संदर्भ और भाव अलग–अलग हैं, जो शासन–व्यवस्था का अंतर दर्शाते हैं। प्रजा शब्द मुख्यतः राजशाही तंत्र से जुड़ा है। इसमें राजा सर्वोच्च होता है और उसके अधीन रहने वाले लोग प्रजा कहलाते हैं। नागरिक शब्द लोकतंत्र से संबंधित है। इसमें जनता ही सर्वोच्च मानी जाती है और उसके सदस्य नागरिक कहलाते हैं। अधिकारों की दृष्टि सेप्रजा के अधिकार सीमित होते थे। राजा की इच्छा ही सर्वोपरि होती है। कर्तव्यों की दृष्टि से प्रजा का मुख्य कर्तव्य राजा के आदेशों की पालना करना होता है। बजट भाषण में जिस उक्ति का उपयोग किया गया वह तब की है जब प्रजा और शासक का संबंध अधीनता का था। गणतांत्रिक भारत में नागरिक और राज्य का संबंध सहभागिता और समानता का है। नागरिक शासन–निर्माण में भाग लेता है और अपने भाग्य का खुद नियंता होता है। दोनों में भावनात्मक और वैचारिक अंतर है। प्रजा शब्द में दासता या अधीनता का भाव निहित रहता है जबकि नागरिक शब्द में गरिमा, अधिकार और जिम्मेदारी का भाव समाहित होता है। इसलिए प्रजा वह है जो राजा के अधीन रहती है, जबकि नागरिक वह है जो लोकतांत्रिक राज्य का समान अधिकारों वाला सदस्य होता है। आधुनिक भारत में हम प्रजा नहीं, बल्कि संविधान द्वारा संरक्षित अधिकारों से युक्त नागरिक हैं। हम भारत के लोगों ने संविधान के माध्यम से स्वयं को एक संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित किया। संविधान ने व्यक्ति की गरिमा, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व को राष्ट्र–जीवन की आधारशिला बनाया। परंतु संविधान की औपचारिक स्थापना और उसके मूल्यों का सामाजिक आत्मसात–दो अलग प्रक्रियाएं हैं। यही वह अंतराल है जहां सामंती मानसिकता बार–बार सिर उठाती दिखाई देती है। समाज में उभरती अहंकारी सामंती प्रवृत्तियां अक्सर सतह पर मामूली सांस्कृतिक या व्यवहारगत विचलन के रूप में दिखाई देती है, जैसे भाषा में दंभ, पद और वंश का अनावश्यक प्रदर्शन, सत्ता के प्रति अंध–निष्ठा, या सामाजिक श्रेणियों के आधार पर श्रेष्ठता–बोध। किंतु इतिहास साक्षी है कि ऐसी प्रवृत्तियां धीरे–धीरे सामूहिक मानस में गहराई तक पैठ जाती हैं और अंततः लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन जाती हैं। सामंतवाद केवल आर्थिक या राजनीतिक संरचना नहीं, बल्कि एक मानसिक संरचना भी होती है। इसमें व्यक्ति अपनी पहचान को जन्म, वंश, पद या शक्ति से जोड़कर देखता है। आधुनिक लोकतंत्र इसके विपरीत नागरिकता–आधारित समानता पर टिका होता है। अहंकारी सामंती प्रवृत्तियां अक्सर प्रतीकों के माध्यम से पुनर्जीवित होती हैं,जैसे उपाधियों का प्रदर्शन, शक्ति का सार्वजनिक प्रदर्शन, सामाजिक दूरियां या यह विश्वास कि कुछ लोग स्वभावतः शासक और अन्य स्वभावतः शासित हैं। ये प्रवृत्तियां लोकतांत्रिक संवाद की जगह अनुशासन और अधीनता को महत्व देती हैं। भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र माना जाता है, परंतु लोकतांत्रिक संस्कार अभी भी समाज के हर स्तर तक समान रूप से नहीं पहुंचे हैं। चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ी है, पर लोकतांत्रिक चेतना–अर्थात असहमति को स्वीकार करना, आलोचना को स्थान देना, और संस्थाओं का सम्मान करना–अब भी संकट में है।जब व्यक्ति लोकतंत्र को केवल मतदान तक सीमित समझता है और रोज़मर्रा के व्यवहार में समानता व संवेदनशीलता को नहीं अपनाता, तब सामंती सोच पुनः सक्रिय हो जाती है। सार्वजनिक जीवन में आलोचना को व्यक्तिगत अपमान मान लेना या सत्ता–सम्पन्न व्यक्ति के प्रति प्रश्न उठाने को 'अवज्ञा' समझना लोकतांत्रिक नहीं, सामंती प्रवृत्तियां हैं। जब लोग व्यक्तिगत करिश्मे को संस्थागत प्रक्रियाओं से ऊपर रखने लगते हैं तब संस्थाओं पर अविश्वास होने लगता है। आलोचना का दमन होता है और असहमति को देश–विरोध या सामाजिक विद्रोह करार दिया जाने लगता है और वंश या पद के आधार पर विशेषाधिकार को नैसर्गिक मान लिया जाता है। ये संकेत बताते हैं कि लोकतंत्र केवल संविधान में सुरक्षित नहीं रह सकता; उसे समाज के व्यवहार में भी सुरक्षित रखना होता है। मानवीय गरिमा का सम्मान तभी बना रह सकता है जब सामाजिक व राजनीतिक नेतृत्व प्रतीकात्मक सामंती प्रदर्शन से बचे और सादगी व जवाबदेही को अपनाये। भारत में जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र और वर्ग के आधार पर नई–नई पहचानों का उभार होता नजर आता है। पहचान का उभार सांस्कृतिक विविधता का प्रतीक भी बन सकता है, किंतु जब यह प्रवृत्ति मानवीय मूल्यों से ऊपर उठकर राजनीतिक वर्चस्व का माध्यम बन जाती है, तब वह विभाजनकारी भी हो जाती है।

**सार्वजनिक जीवन में आलोचना को व्यक्तिगत अपमान मान लेना या सत्ता-सम्पन्न व्यक्ति के प्रति प्रश्न उठाने को 'अवज्ञा' समझना लोकतांत्रिक नहीं, सामंती प्रवृत्तियां हैं। जब लोग व्यक्तिगत करिश्मे को संस्थागत प्रक्रियाओं से ऊपर रखने लगते हैं तब संस्थाओं पर अविश्वास होने लगता है। आलोचना का दमन होता है और असहमति को देश-विरोध या सामाजिक विद्रोह करार दिया जाने लगता है और वंश या पद के आधार पर विशेषाधिकार को नैसर्गिक मान लिया जाता है।**

–अतिथि संपादक,
राजेन्द्र बोड़ा
( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )

# उचित मूल्य के अभाव में तरक्की से दूर किसान

## कृषि विकास का एक दशक.....



पंकज मीणा

देश में कुछ क्षण ऐसे भी आए जब प्याज की बढ़ती कीमतों से सरकारें अस्थिर हो जाती थी अथवा टमाटर, लहसन का आम आदमी की पहुंच से दूर होने के नाम पर राजनीति होती थी। शहरों के नजदीक का किसान बाजार आसानी से उपलब्ध होने के कारण सब्जी की खेती की ओर आकर्षित् होता है, आसानी से बाजार उपलब्धता के अलावा तुरंत नकदी हाथ में आना भी प्रमुख कारण है। जहां सब्जी की खेती करने से तुलनात्मक लाभ अधिक होता है वहीं लागत मूल्य भी बढ़ जाता है तथा ताजगी कुछ घंटे ही बने रहने के कारण जोखिम भी बढ जाता है। परंतु फिर भी 10 वर्षो में किसानों की मेहनत और सरकार के सहयोग से उत्पादन और प्रति हैक्टेयर उत्पादकता में बढोतरी हुई है। सरकार उत्पादन बढाने हेतु बहुत सी योजना बनाती है परंतु उपज का उचित मूल्य न मिलने से किसानों को समूचित लाभ नहीं मिल पा रहा है।

गत कुछ वर्षो पर नजर दोडाये तो ध्यान में आता है कि खेती किसानी पर चर्चाए कम हो गई है, सेमीनार कॉन्क्लेव बंद हो गए है यहां तक की किसान संगठन कमजोर हुए जिससे किसानों की आवाज उठाना व उसके लिए संघर्ष करना समाप्त हो चुका है। कुल मिलाकर खेती किसानी और किसान हाशिये पर है। आंकडों की ओर देखे तो राजस्थान में सब्जियों का उत्पादन वर्ष 2014–15 में 14 लाख 33 हजार मैट्रिक टन था वो 2022–23 बढ़कर 23 लाख 35 हजार मैट्रिक टन हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किसानों की आय दुगुनी करने के लक्ष्य में उत्पादन तो लगभग दुगुना हो गया परंतु सब्जियों के भाव गत 10 वर्षों में 20 प्रतिशत तक ही बढ़ने से किसानों का लाभ अनुपातिक रूप से नहीं बढा। जब सब्जियों के भाव की बात करते है तो चर्चा यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि उपभोक्ता को सब्जियां जब 20 रूपए किलो मिल रही होती है, तब किसान 5 रूपए किलो में बेचने पर मजबूर होता है।

एक अध्ययन के अनुसार किसान को उपभोक्ता मूल्य का 30 प्रतिशत ही भाव मिल पाता है। सब्जियां उपभोग करने वाले उपभोक्ता जब 20 रू. मिलो की सब्जी खाकर महंगाई गिनाते है तो उसे जहन में एक बार चिंतन करना चाहिए की 3–4 महीनें में मौसम की विपरीत परिस्थिति में हाडतोड मेहनत करने वाले किसाने को उस 20 रू. में से केवल 5 रू. ही मिल रहे है। और उस 5रू. में ही किसान अगली फसल भी करेगा अपने परिवार का पेट भी पालेगा और अपने बच्चों का भविष्य सुनिश्चत भी करेगा। सरकारों के प्रयास से उत्पादन व उत्पादकता बढी है जहां 2014–15 में सब्जियों का उत्पादन प्रति हैक्टेयर 9312 किलो था जो कि 2022–23 में बढकर 12116 किलो हो गया अर्थात उत्पादकता में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है सरकार के सकारात्मक प्रयास व किसान की मेहनत से उत्पादन दुगुना हुआ है और प्रति हैक्टैयर उपज में 30 प्रतिशत की बढोतरी हुई है, परंतु उचित भाव न मिलने से किसान खुशहाली है दूर है।

कृषि कार्य को किसान के नजरिए से तीन भागों में बांटा जा सकता है। प्रथम बुवाई अर्थात भूमि में बीज बोने से पूर्व खेत तैयार करना और बीज की बुंवाई। दूसरा 2–6 माह तक किसान फसल को अपनी कला व मेहनत से तैयार करता है फिर कटाई के उपरांत फसल को बाजार के लिए तैयार करता है। तीसरा और अंतिम तैयार फसल को बाजार ले जाकर बेचना और उपज मूल्य को प्राप्त करना। इसमें प्रथम और द्वितीय भाग में किसान की मेहनत महत्वपूर्ण है वहीं सरकार वैज्ञानिकों से मिलने वाला तकनीक, सहयोग, सुविधा का बडा योगदान है। जहां सरकार से सहयोग, सुविधा, तकनीक और किसान की मेहनत में कोई कमी नहीं है, इसलिए उत्पादन और उत्पादकता में बढ़ोतरी हुई है। परंतु अंतिम भाग फसल को बाजार में बेचकर उचित मूल्य को प्राप्त करने में किसान पिछड रहा है, तैयार उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में यहां परिवहन, मंडी/बाजार में महत्वपूर्ण कारक तो वहीं तैयार फसल (फल/सब्जी) का परिरक्षण भी एक बढी समस्या है। भारत में परीरक्षण के अभाव में 40–60 प्रतिशत फसल ही थाली तक पहुंचती है, सरकार किसान की फसल बिक्री की कोई मजबूत व्यवस्था तैयार करें जिससे किसान की बिक्री मूल्य और उपभोक्ता के खरीद मूल्य में ज्यादा अंतर न हो। साथ ही जल्द खराब होने वाली फसलों के परीरक्षण के लिए सरकार उद्योग स्थापित करने हेतु निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करे तो निश्चित ही फल सब्जी उत्पादक किसान के जीवन में सुखद बदलाव देखने को मिलेगा।

–पंकज मीणा,
प्रदेश प्रवक्ता, भाजपा

# राष्ट्रीय गीत का सम्मान भारत के संविधान के प्रति आभार जताना है



सूर्य प्रताप सिंह राजावत

यूनियन ऑफ़ इंडिया के गृह मंत्रालय के एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में राष्ट्रीय गीत यानी वंदे मातरम के लिए गाइडलाइन तय की गई हैं। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर चार हिस्सों में बंटा हुआ है। पहला, वंदे मातरम का आधिकारिक वर्शन, दूसरा, ग्रुप में या मिलकर राष्ट्रीय गीत गाना या बजाना। और आखिरी में दर्शकों की यह ज़िम्मेदारी है कि वे राष्ट्रीय गीत बजाते या गाते समय सावधान खड़े रहें। मीडिया में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा यह गलत जानकारी फैलाने की कोशिश कर रहा है कि इस ऑर्डर में राष्ट्रीय गीत गाना ज़रूरी है। जबकि तथ्य यह है कि यह राष्ट गीत– वंदे मातरम के गायन या वादन के दौरान सावधान खड़े रहने का कर्तव्य निर्धारित करता है। दिशानिर्देशों का विरोध करने वाले लोगों द्वारा यह भी प्रयास किया गया है कि इसका उल्लेख राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में नहीं है। अधिनियम, 1971 को ध्यानपूर्वक पढ़ने पर, धारा 3 में स्पष्ट रूप से राष्ट्रगान गायन आदि का उल्लेख है।

धारा 3. भारतीय राष्ट्रगान गायन आदि की रोकथाम – जो कोई भी जानबूझकर भारतीय राष्ट्रगान के गायन को रोकता है या ऐसे गायन में लगे किसी भी सभा में व्यवधान पैदा करता है, उसे तीन साल तक की अवधि के कारावास या जुर्माने या दोनों से दंडित किया जाएगा।

धारा 3 के शीर्षक को केवल 24 जनवरी, 1950 की संविधान सभा की बहस की कार्यवाही पर ध्यान देकर ही समझा जा सकता है, यह ऐतिहासिक फ़ैसला जन गण मन और वंदे मातरम के दर्जे की साफ़ समझ और तारीफ़ का आधार और बुनियाद है।24 जनवरी 1950 को संविधान सभा के प्रेसिडेंट डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने यह बयान दिया था, जिसे राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत पर आखिरी फ़ैसले के तौर पर भी अपनाया गया:–

...जन गण मन के नाम से जाने जाने वाले शब्दों और संगीत से बनी रचना भारत का राष्ट्रगान है, जिसमें ज़रूरत पड़ने पर सरकार जो भी बदलाव करने की इजाज़त दे सकती है, उसके अधीन है, और वंदे मातरम गीत, जिसने भारतीय आज़ादी की लड़ाई में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है, उसे जन गण मन के बराबर सम्मान दिया जाएगा और उसके बराबर दर्जा दिया जाएगा।

यह बात कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम पर कोई कानूनी नियम नहीं है, गलत, बेतुकी और गुमराह करने वाली है। यह बात हो सकती है कि 1971 में राष्ट्रीय गीत का साफ़ तौर पर ज़िक्र नहीं है। एक्ट 1971 के सेक्शन तीन की हेडिंग में इस्तेमाल किया गया शब्द आदि मतलब निकालने के लिए कानूनी तरीकों की ज़रूरत है। इस विषय पर गाइड करने के लिए एजुडेम जेनेरिस का सिद्धांत लॉजिकल नतीजे को समझने में मदद करता है

दूसरा तर्क यह है कि आर्टिकल 19 में इस बात के लिए युक्तायुक्त पाबंदियां हैं कि युक्तायुक्त पाबंदियां कानून के तौर पर लगाई जा सकती हैं, न कि एग्जीक्यूटिव ऑर्डर से, यह खड़क सिंह केस में तय किया गया था। राष्ट्र गीत कानूनी ज़रूरत को पूरा करते हैं, क्योंकि अधिनियम 1971 राष्ट्रगान को कानूनी सुरक्षा देता है और आदि का मतलब सिर्फ़ राष्ट्रगीत वंदे मातरम से लगाया जा सकता है क्योंकि 24 जनवरी 1950 के फ़ैसले में राष्ट्रगीत को राष्ट्रगान के साथ समान जगह और सम्मान दिया गया है।

भारत के संविधान का आर्टिकल 25 धर्म की आज़ादी के बारे में बताता है, जिसका इस्तेमाल कम्युनिटी के एक हिस्से द्वारा राष्ट्र गीत के ज़रूरी गाने की फ़र्ज़ी ख़बरें फैलाने के लिए किया जाता है। राष्ट्र गीत के प्रति सम्मान दिखाना किसी भी तरह से फंडामेंटल राइट का उल्लंघन नहीं है। असल में, राष्ट्रगीता के प्रति सम्मान न दिखाना कम्युनल है और भारत के संविधान के सेक्युलर मूल्यों के ख़िलाफ़ है।

फंडामेंटल राइट्स को कॉन्स्टिट्यूशनल मोरैलिटी के हिसाब से समझने की ज़रूरत है, जिसमें लिबर्टी, इक्वालिटी और फ्रेटरनिटी शामिल हैं। डॉ. अंबेडकर ने 25 नवंबर 1949 को कहा था कि लिबर्टी, इक्वालिटी और फ्रेटरनिटी की त्रिमूर्ति फ्रेटरनिटी की नींव पर ही बनी है। वंदे मातरम हाल ही में नहीं बना है। इसमें भारतमाता और पुरानी सभ्यता के रूप में राष्ट्र की स्तुति करने की भारतीय संस्कृति का इतिहास है। भारत में राष्ट्र के रूप में संघर्ष की विरासत – भारत माता – सिर्फ़ भारत तक ही सीमित नहीं है। दुनिया का नज़रिया राष्ट्र के रूप को माँ या पितृभूमि के रूप में दिखाता है, जैसे इंग्लैंड – ब्रिटानिका, रूस – पवित्र रूस, आयरलैंड – कैथलीन नी हौलिहान, जर्मनी – जर्मेनिया।

राष्ट्रगीत का विरोध 7 1948 को कॉन्स्टिट्यूएंट असेंबली की बहस के दौरान डॉ. अंबेडकर की बातों की याद दिलाता है, बदकिस्मती से इस देश में जो धर्म हैं, वे सिर्फ़ नॉन–सोशल नहीं हैं; जहाँ तक उनके आपसी रिश्तों का सवाल है, वे एंटी–सोशल हैं, एक धर्म दावा करता है कि उसकी शिक्षाएँ ही मुक्ति का एकमात्र सही रास्ता हैं, जबकि बाकी सभी धर्म गलत हैं। मुसलमानों का मानना है कि जो कोई भी इस्लाम के सिद्धांतों में विश्वास नहीं करता, वह काफ़िर है और उसे मुसलमानों के साथ भाईचारे का हक नहीं है। राष्ट्रगीत का विरोध विरोधियों के ज़रिए सच हो रही चिंताओं की झलक है।

8 दिसम्बर 1948 को कॉन्स्टिट्यूएंट असेंबली की बहस के दौरान एस संथानम ने कहा कि ऐतिहासिक एसिमिलेशन भारतीय सभ्यता की खासियत रही है, इसलिए राष्ट्र गीतवंदे मातरम का विरोध ऐतिहासिक एसिमिलेशन की फिलॉसफी के खिलाफ है। फिर, 21 जनवरी 1947 को कॉन्स्टिट्यूएंट असेंबली में ऑब्जेक्टिव रेज़ोल्यूशन पर हुई बहस के दौरान आर. धुलेकर ने कहा कि भारतीय बाबर, हुमायूं और अकबर को उसी हद तक अपना मानते हैं, जिस हद तक वे खुद को भारत से जोड़ते हैं।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्डइस्लाम की उस विचार को फॉलो करता है जो एंटी–सोशल, अनडेमोक्रेटिक और एंटी–नेशनल है और साथ ही कॉन्स्टिट्यूशनल मोरैलिटी के प्रिंसिपल्स के भी खिलाफ है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्डका विरोध हिस्टोरिकल एसिमिलेशन प्रोसेस के भी खिलाफ है, यह एक पॉलिटिकल एजेंडा है जिसका नतीजा कश्मीर में जेनोसाइड जैसा होता है।

हिस्टोरिकल एसिमिलेशन प्रोसेसका मकसद मेलजोल, आपसी सम्मान सीखना है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्डबेनकाब हो गया है और जिन्ना की तरह बर्ताव कर रहा है जिसने बंटवारे के बीज बोए थे, जिसका नतीजा यूनाइटेड इंडिया का बंटवारा था। नंदलाल बोस की लिखी कॉन्स्टिट्यूशन की कैलिग्राफी कॉपी को दिखाने वाले एक इलस्ट्रेशन में नौखाली दंगों का ज़िक्र है, जो याद दिलाता है कि भारत को बांटने की आगे की सभी कोशिशों को शुरू में ही खत्म कर देना चाहिए। साथ ही, भारत के संविधान की कैलिग्राफी कॉपी में भारत का विवरण मदर इंडिया – भारत माता के रूप में है, जिसका मतलब है कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और दूसरे फ्रीडम फाइटर्स भारत माता को आज़ाद कराने के लिए भारत के बाहर से लड़ रहे थे (हिंदी में भारत माता), नेताजी बोस को दिखाने वाले इलस्ट्रेशन का विवरण है। इसलिए वंदे मातरम भारत माता की प्रशंसा, स्तुति है। यहीनहींभारत को आज़ादी मिलने पर आधी रात को कॉन्स्टिट्यूएंट असेंबली की प्रोसिडिंग्स में बताया गया है कि पहला एजेंडा सुचेता कृपलानी द्वारा वंदे मातरम का गायन था।

राष्ट्रगान बजाते या गाते समय सावधान की मुद्रा में खड़े होने के विषय पर दुनिया का नज़रिया 1987 ँ(एए) 748 बिजो इमैनुएल और अन्य, अपीलेंट बनाम केरल राज्य और अन्य, रेस्पोंडेंट में भी बताया गया है। डोनाल्ड बनाम हैमिल्टन बोर्ड एजुकेशन, (1945 ओंटारियो) में झंडे को सलामी देने और राष्ट्रगान गाने पर आपत्ति के एक मामले में, जस्टिस गिलेंडर्स ने कहा :

"... मेरे लिए, झंडे को सलामी देने या राष्ट्रगान गाने का आदेश किसी भी ज़बरदस्ती किए गए धार्मिक काम में शामिल न होने का आदेश होगा, बल्कि, सही नज़रिए से देखा जाए तो, एक उलटे सिद्धांत के सम्मान में शामिल होना होगा, यानी, एक ऐसे देश और राष्ट्र का सम्मान करना जो धार्मिक आज़ादी के लिए खड़ा है, और यह सिद्धांत कि लोग अपनी मर्ज़ी से पूजा कर सकते हैं, या बिल्कुल नहीं कर सकते।"

–सूर्य प्रताप सिंह राजावत,
अधिवक्ता राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर

# बूंदी में अस्तित्व खो रहा है एकमुखी शिवलिंग वाला दो हजार साल पुराना मंदिर

## सर्वेक्षण के बावजूद पुरातत्व विभाग ने प्राचीन शिवमंदिर की सुध नहीं ली

**बूंदी,** (निसं)। क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राकृतिक एवं पौराणिक धार्मिक आस्था स्थल भीमलत महादेव के निकट शिव मंदिर मलबे में तब्दील हो गया है तथा कलात्मक एक मुखी शिवलिंग खण्डित अवस्था में है। इस शिवलिंग पर शिव की ध्यान योग मुद्रा में सुंदर प्रतिमा उत्कीर्ण है।


लंबे समय से इस मंदिर के खंडित शिवलिंग की पुनर्स्थापना एवं जीर्णोद्धार के लिए भारतीय पुरातत्व विभाग को अवगत कराया गया था, लेकिन किसी ने इस कार्य में गंभीरता नहीं दिखाई। इस ध्वस्त शिवालय एवं खण्डित आदमकद एकमुखी शिवलिंग के कारण इस स्थान का नाम खंडेरिया पड़ा। यहां पर एक छोटी बस्ती भी है, जिसका नाम भी इसी मंदिर के कारण खंडेरिया है। मंदिर का निर्माण गोलाकार में हुआ था और आशंका जताई जा रही है कि इसे विदेशी आक्रांताओं ने ध्वस्त किया होगा। इस शिवलिंग व शिवालय के

**■ भीमलत महादेव के निकट शिव मंदिर मलबे में तब्दील हो गया है**

अध्ययन के लिए पुरातत्व विभाग से वैज्ञानिक उत्खनन की मांग की गई थी और भारतीय पुरातत्व विभाग के गोविन्द मीणा व मनोज द्विवेदी ने इस शिवालय का अवलोकन भी किया था। इसकी बड़े आकार की ईंटों के आधार पर इसे 1800 से 2200 साल के बीच में निर्मित होने की संभावना है। पुरातत्व विभाग यहां के कलात्मक खण्डित शिवलिंग को किसी म्यूजियम में रखने के लिए ले जाना चाहता था, लेकिन स्थानीय लोगों व पुरातत्व से जुड़े लोगों ने इसका विरोध किया, जिससे शिवलिंग उसी हालत में है।

पुरातत्व विभाग की टीम के सर्वे से उम्मीद थी कि जिले की इस महत्वपूर्ण पुरा संपदा का संरक्षण एवं जीर्णोद्धार होगा, लेकिन अभी तक निराशा ही हाथ लगी है। खंडेरिया महादेव मंदिर प्राचीन बाणगंगा नदी के किनारे पर बना हुआ है जो अब मलबे में तब्दील हो गया है। यहां पास ही में रॉक पेंटिंग भी मिली है, जिससे इस स्थान के अति प्राचीन होने की संभावना है। इस प्राचीन स्थल के नजदीकी पौराणिक स्थानों में भाला कुई व सीता कुंड धार्मिक आस्था स्थल है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 18 फरवरी, 2026**

फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2082, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 9:16 तक, शिव योग रात्रि 10:45 तक, बव करण सायं 4:58 तक, चन्द्रमा आज कुम्भ राशि में संचार करेगा।

**गृह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–मकर, बुध–कुम्भ, गुरू–मिथुन, शुक्र–कुम्भ, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह

आज सायन मीन में सूर्य प्रवेश रात्रि 9:22 पर करेगा। आज चन्द्र दर्शन दक्षिण श्रृंगोन्नति, पंचक है। आज से बसन्त ऋतु आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ–अमृत सूर्योदय से 9:53 तक, शुभ 11:17 से 12:41 तक, चर 3:29 से 4:53 तक, लाभ 4:53 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 7:05, सूर्यास्त 6:16

**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**कन्या**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है। व्यावसायिक योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों का निपटारा हो सकता है।

**कुंभ**
मानसिक तनाव दूर होने लगेगा। मनःस्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यावसायिक यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

# 'जन्मजात टेढे मेढे पांवों का पोन्सेटी विधि से इलाज संभव'

- पीबीएम ट्रोमा सेंटर सभागार में जन्मजात टेढे मेढे पांवों के क्लब फुट प्लास्टर प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन
- क्लबफुट में राज्य में 7000 बच्चे उपचाराधीन है, जन्मजात टेढे मेढे पांवों से पीड़ित 1500 बच्चे उपचाराधीन हैं। जिन्हें प्लास्टर, जूते, उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज अस्थि रोग विभाग एवं क्योर इंडिया इंटरनेशनल के तत्वावधान में पीबीएम ट्रोमा सेंटर सभागार में जन्मजात टेढे मेढे पांवों के क्लब फुट प्लास्टर प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

ट्रोमा सेंटर निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बी. एल. खजोटिया ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि क्लबफुट एक जन्मजात विकृति है, जिसका प्रारंभिक अवस्था में पोन्सेटी पद्धति से उपचार से शत-प्रतिशत सुधार संभव है। उन्होंने कहा कि पोन्सेटी विधि विश्व स्तर पर स्वीकृत, सरल एवं प्रभावी तकनीक है, जो बिना बड़े ऑपरेशन के बच्चों को सामान्य जीवन प्रदान कर सकती है।

उन्होंने क्योर इंडिया इंटरनेशनल एवं अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकीय गुणवत्ता को सुदृढ़ करते हैं और युवा चिकित्सकों के कौशल विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यशाला में फ्लोरिडा (अमेरिका) के अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ कार्लटन ब्रूस स्मिथ ने पिरानी स्कोरिंग प्रणाली, ब्रेस के प्रोटोकॉल एवं रिलेप्स की रोकथाम, क्लबफुट विकृति का वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए पोन्सेटी विधि द्वारा क्लबफुट के चरणबद्ध उपचार की सप्रयोग जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन्मजात टेढे मेढे पांवों का बिना ऑपरेशन पोन्सेटी विधि द्वारा क्रमिक प्लास्टर तकनीक द्वारा सफल इलाज किया जाता हैं जिससे वह बच्चा स्वस्थ होकर देश और समाज के विकास में भागीदार बन सके।

उन्होंने कहा कि बच्चों के माताओं का दायित्व है कि टेढे मेढे पांवों की विकृति ज्ञात होते ही इलाज के लिए संपर्क करें। उन्होंने कहा कि सही मोल्डिंग तकनीक से बच्चों के टेड मेढे पांवों की जटिलताओं की रोकथाम की सकती है। ब्रूस स्मिथ ने पीबीएम ट्रोमा सेंटर में बच्चों के प्लास्टर किए और बच्चों की जांच की। ब्रूस स्मिथ ने बताया कि वे भारत के 5 राज्यों में क्लब फुट विकृति के प्लास्टर प्रबंधन पर प्रदर्शन कर चुके हैं।

राजस्थान में उनका पहला प्रदर्शन बीकानेर में हुआ है। कार्यशाला में इंग्लैण्ड के रेजिडेंट चिकित्सक हेनरी टिम्बर वर्गीस वुड भी शामिल थे। कार्यशाला में क्योर इंडिया इंटरनेशनल के (प्रोजेक्ट सक्सेस एवं क्वालिटी) राजस्थान कॉर्डिनेटर शुभाशीष गिरायन ने बताया कि क्लबफुट में राज्य में 7000 बच्चे उपचाराधीन है। उन्होंने बताया कि राज्य के 10 दिवसीय कार्यक्रम में जयपुर, अजमेर, कोटा, जोधपुर के केन्द्रों के अलावा चूरू बाड़मेर, झालावाड़, भीलवाड़ा में क्लबफुट के नए केन्द्र प्रारंभ किए जायेंगे। ट्रोमा सेंटर में नियमित रूप से कार्यरत क्योर इंडिया इंटरनेशनल की जिला कॉर्डिनेटर क्लबफुट तकनीशियन कोमल वर्मा ने मरीजों की तैयारी एवं लाइव सत्र में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। उन्होंने बताया कि जन्मजात टेढे मेढे पांवों से पीड़ित 1500 बच्चे उपचाराधीन हैं। जिन्हें प्लास्टर, जूते, उपकरण निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कार्यशाला में वरिष्ठ लेखक अशफाक कादरी ने पीबीएम ट्रोमा सेंटर में क्लबफुट की सेवाओं की सराहना की।

कार्यशाला में रेजिडेंट चिकित्सकों, फैकल्टी, प्लास्टर तकनीशियन एवं नर्सिंग स्टाफ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एल. के. कपिल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कार्यशाला से सरकारी अस्पतालों में उपचार की गुणवत्ता को नई दिशा मिलेगी और क्षेत्र के पीड़ित बच्चों को विश्व स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने में सहायक सिद्ध होती है।

## भाजपा विधायक कोली के बयान का विरोध

**बीकानेर,** (कासं)। अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति की राज्य महासचिव डॉ. सीमा जैन ने राजस्थान विधानसभा में बजट चर्चा के दौरान वैर (भरतपुर) से भाजपा विधायक बहादुर सिंह कोली द्वारा दी गई टिप्पणी को महिलाओं का अपमान और सामंती मानसिकता का प्रतीक बताते हुए इसकी तीखी आलोचना की है।

डॉ. सीमा जैन ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि द्वारा सदन के भीतर बजट की तुलना 'छोरा-छोरी' (बेटा-बेटी) के पैदा होने से करना और छोरी (बेटी) होने को विफलता या विपक्ष में बैठने का कारण बताना अत्यंत शर्मनाक है। यह बयान न केवल लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा देता है। बल्कि बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ जैसे सरकारी नारों की पोल भी खोलता है। विधायक का यह कहना कि छोरा पैदा होने पर ही काम आता है और छोरी पैदा होने पर विपक्ष में बैठना पड़ता है। समाज में बेटियों के प्रति नकारात्मक सोच को पुख्ता करता है। विधानसभा जैसे पवित्र मंच से इस तरह की द्विअर्थी और पितृसत्तात्मक भाषा का प्रयोग राजस्थान की गौरवशाली संस्कृति और लोकतंत्र के लिए काला धब्बा है। वहीं सत्ताधारी दल के विधायक का यह नजरिया महिला सशक्तिकरण के दावों पर सवालिया निशान लगाता है।

## निजी बस पलटी, यात्री सुरक्षित

**बीकानेर।** जिले के नापासर इलाके में मंगलवार दोपहर सिंथल गांव के पास एक निजी बस सड़क किनारे पलट गई। जियाक से बीकानेर की ओर जा रही बस के सामने अचानक एक कार आ जाने से चालक ने उसे बचाने की कोशिश की, जिससे बस का संतुलन बिगड़ गया। हादसे में यात्रियों को हल्की चोटें आईं और सभी को नापासर हॉस्पिटल पहुंचाया गया।

हादसा मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे सिंथल गांव के पास हुआ। बस जब चढ़ाई और गोलाई वाले हिस्से से गुजर रही थी, तभी सामने एक कार आ गई। चालक ने तुरंत ब्रेक लगाए, लेकिन बस सड़क किनारे पलट गई। बस पलटते ही अंदर बैठे यात्रियों में हलचल मच गई। बीकानेर के नापासर इलाके में मंगलवार दोपहर सिंथल गांव के पास एक निजी बस सड़क किनारे पलट गई। बस पलटने के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों ने मिलकर एक दूसरे को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला। बस के अंदर फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालने में यात्रियों ने आपसी सहयोग किया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण और स्थानीय नागरिक मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को बस से बाहर निकालने, पानी पिलाने और हॉस्पिटल भेजने में मदद की। कुछ घायलों को निजी वाहनों से भी नापासर हॉस्पिटल पहुंचाया गया। हादसे की सूचना मिलते ही नापासर से 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची।

## सार-समाचार

### अस्पतालों का किया निरीक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। डिप्टी सीएमएचओ (स्वास्थ्य) एवं पूगल ब्लॉक प्रभारी डॉ. लोकेश गुप्ता ने उप जिला अस्पताल पूगल तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सत्तासर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उप जिला अस्पताल में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (मां) के अंतर्गत अधिकाधिक पैकेज बुक कर आमजन को गुणवत्तापूर्ण सर्जरी एवं भर्ती सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश पीएमओ डॉ. रामस्वरूप ज्याणी को दिए। उप जिला अस्पताल में डॉ. गुप्ता ने आशा, एएनएम एवं नर्सिंग कर्मचारियों को होम बेस्ड पेलियेटिव केयर कार्यक्रम का प्रशिक्षण भी प्रदान किया। साथ ही अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की उपलब्धियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सत्तासर के निरीक्षण के दौरान गैर संचारी रोगों से संबंधित स्क्रीनिंग को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। अस्पताल में ओपीडी-आईपीडी व्यवस्था, स्वच्छता, दवा उपलब्धता, एएनसी पंजीकरण, प्रसव सेवाएं, नियमित टीकाकरण एवं टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की समीक्षा कर सुधारात्मक कदम सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान नर्सिंग अधिकारी सुभाष एवं मल्टी टास्क वर्कर चंद्रपाल उपस्थित रहे। डॉ. गुप्ता ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि वे क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करते हुए सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में कार्य करें।

36-धर्मगुरुओं और अधिकारियों ने दिया टीकाकरण जागरूकता का संदेश

**बीकानेर,** (कासं)। समुदाय में नियमित टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा अभियान में प्रभावशाली व्यक्तियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप जिला चिकित्सालय बज्जू के प्रशिक्षण भवन में धर्मगुरूओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों की एक दिवसीय आमुखीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक प्रभारी डॉ. सुनील जैन, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवराज सिद्ध, विकास अधिकारी त्रिभुवन तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के मॉनिटर इंदरदान चारण उपस्थित रहे। दिशा समाज सेवी संस्था की ओर से जिला समन्वयक सलमान खान तथा ब्लॉक समन्वयक मोहम्मद साजिद, शंकरलाल एवं रोहिता पालीवाल ने टीकाकरण की महत्ता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान शून्य डोज बच्चों की पहचान, सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने तथा टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों के निराकरण पर विशेष चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि समय पर टीकाकरण बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाने का प्रभावी माध्यम है और इसके लिए समाज के हर वर्ग का सहयोग आवश्यक है। ब्लॉक प्रभारी डॉ. सुनील जैन ने अपने संबोधन में कहा कि धर्मगुरूओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन को सशक्त बनाया जा सकता है।

## छह महीने बाद भी आवाज सुनते ही झुंड में से दौड़ा आया हिरण

- हिरणू नाम सुनते ही दर्जनों हिरणों के झुंड में घूम रहा हिरण दौड़ता हुआ आ गया, पास में खड़े युवक से अठखेलियां करने लगा। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद लोग हैरान रह गए
- कॉन्स्टेबल श्रीभगवान बिश्नोई ने फरवरी, 2025 में इस हिरण के दो दिन के बच्चे को कुत्तों से बचाया था। छह महीनों तक हिरण के बच्चे को कॉन्स्टेबल ने अपने घर में रखकर इलाज करवाया था

**नोखा,** (कासं)। हिरणू नाम सुनते ही दर्जनों हिरणों के झुंड में घूम रहा हिरण दौड़ता हुआ आ गया। पास में खड़े युवक से अठखेलियां करने लगा। इस दृश्य को देखकर वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। हिरण का प्यार देख युवक भी भावुक हो गया।

यह दृश्य बीकानेर के मुकाम के वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर का 15 फरवरी का है। इसका वीडियो सामने आया है। दरअसल राजस्थान पुलिस में तैनात कॉन्स्टेबल श्रीभगवान बिश्नोई ने फरवरी, 2025 में इस हिरण के दो दिन के बच्चे को कुत्तों से बचाया था। छह महीनों तक हिरण के बच्चे को कॉन्स्टेबल ने अपने घर में रखकर इलाज करवाया। जब हिरण स्वस्थ हो गया तो उसे वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर में छोड़ आए। कॉन्स्टेबल श्रीभगवान बिश्नोई के आवाज लगाते ही हिरण झुंड से निकलकर उनके पास आ गया। यह मामला नोखा क्षेत्र का है। शोभासर गांव निवासी कॉन्स्टेबल श्रीभगवान बिश्नोई को एक साल पहले गांव के पास दो दिन का एक नन्हा हिरण मिला था, जो कुत्तों के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया था।

श्रीभगवान उसे अपने घर ले आए, उसका इलाज किया और लगभग 6 महीने तक अपने परिवार के साथ एक बच्चे की तरह उसका पालन-पोषण किया। परिवार ने उसे प्यार से हिरणू नाम दिया था। हिरणू परिवार से एक पल भी दूर नहीं रहता था। परिवार के सभी सदस्य उसका खास ध्यान रखते थे।

बिस्तर पर अपने साथ सुलाते थे। 6 महीने बाद पूरी तरह स्वस्थ होने पर श्रीभगवान बिश्नोई ने हिरण के बच्चे को सितम्बर में मुकाम के वन्यजीव रेस्क्यू सेंटर में छोड़ दिया। उन्होंने वहां तैनात कर्मचारियों को हिरणू की आदतों और देखभाल के बारे में बताया ताकि कर्मचारी उसकी अच्छे से देखभाल कर सकें। श्रीभगवान बिश्नोई के बच्चों ने नन्हें हिरण का नाम हिरणू रखा और वो भी उसके साथ खाते-पीते और सारा दिन खेलते। हिरणू भी उनके साथ पूरी तरह घूल मिल गया था। करीब 6 महीने बाद 15 फरवरी को ड्यूटी खत्म होने के बाद श्रीभगवान बिश्नोई रेस्क्यू सेंटर पहुंचे। उन्होंने जोर से हिरणू पुकारा। आवाज सुनते ही दर्जनों हिरणों के झुंड में घूम रहा वही हिरण दौड़ता हुआ उनके पास आ गया और प्यार जताने लगा। श्रीभगवान जब तक रेस्क्यू सेंटर में रहे हिरणू उनके आस-पास ही रहा। जब वो वहां से जाने लगे तो हिरणू उदास हो गया।

## सुषमा बारूपाल के निधन पर शोक जताया

**बीकानेर,** (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्या सुषमा बारूपाल के निधन पर कांग्रेसजनों ने शोक प्रकट किया।

खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रह चुकी वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुषमा बारूपाल का निधन 16 फरवरी की रात्रि को हृदयाघात से हो गया। उनके निधन की खबर से बीकानेर जिला कांग्रेस में शोक की लहर छा गई। सुषमा बारूपाल की देह आज दोपहर में एक बजे पंचतत्व में विलीन हुई उनकी पार्थिव देह को उनके पुत्र अरूण कुमार ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर उनकी पुत्रियां भी उनके साथ रही। दोपहर 12.30 बजे रथखाना स्थित उनके निवास स्थान से अंतिम यात्रा प्रारंभ हुई जिसमें शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल, पूर्व मंत्री वीरेंद्र बेनीवाल, पूर्व न्यास अध्यक्ष मकसूद अहमद, प्रदेश कांग्रेस महासचिव जिया उर रहमान आरिफ, डेयरी अध्यक्ष नोपाराम जाखड़, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढा, पूर्व मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला, शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल, देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग शामिल थे।

## जिप्सम का अवैध खनन, 15 लाख का जुर्माना

- बज्जू के चक 9 एमआरएम में करोड़ों रूपए की आधुनिक मशीनें लगाकर जिप्सम का अवैध खनन, खान विभाग और पुलिस की टीमों ने मशीनें जब्त की

**बीकानेर,** (कासं)। माफिया गिरोह के लोगों ने बज्जू के चक 9 एमआरएम में करोड़ों रूपए की आधुनिक मशीनें लगाकर जिप्सम का अवैध खनन किया। मौके पर पहुंची खान विभाग और पुलिस की टीमों ने मशीनें जब्त कर ली और करीब 15 लाख रूपए का जुर्माना लगाया है।

बज्जू के चेक 9 एमआरएम में जिप्सम के अवैध खनन की सूचना मिलने पर खान विभाग और पुलिस की टीम में मौके पर पहुंची। मौके पर जिप्सम माफिया बैखौफ करोड़ों रूपए की आधुनिक मशीनों से अवैध खनन कर डंपर भर रहे थे। मौके पर एक एक्सकेवेटर, एक जेसीबी, दो डंपर जब्त कर रणजीतपुरा थाना पुलिस को सौंपे हैं। खनि अभियंता महेश प्रकाश पुरोहित ने बताया कि मौके पर जिप्सम का कुल 483 टन अवैध खनन पाया गया। जब्त किए 4 वाहनों एवं 483 टन अवैध जिप्सम पर नियमानुसार 1506000 रूपए का जुर्माना लगाया है। कार्यवाही में फोरमैन अनिरूद्ध सिंह भाटी, एसएचओ रणजीतपुरा चन्द्रजीत सिंह भाटी शामिल थे।


अपनी बैंकिंग सुरक्षित रखिए

हमारे कस्टमर केयर नंबर
1800 1080
पर संपर्क करें

अपडेटेड फोन नंबर्स के लिए हमेशा हमारी वेबसाइट देखें

www.icici.bank.in

ICICI Bank


## हिस्ट्रीशीटर पर जान से मारने की धमकी का आरोप

- सोलर प्लांट में करोड़ों रुपए कमाई के लिए मशीनें लगाने का दबाव और नहीं लगाने पर जान से मारने की धमकी

**बीकानेर,** (कासं)। सोलर प्लांट में करोड़ों रूपए की कमाई के लिए मशीनें लगाने का दबाव डालने और नहीं लगाने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

इस संबंध में बज्जू पुलिस थाने के हिस्ट्रीशीटर प्रदीप गोदारा पर आरोप लगाते हुए मुक्ताप्रसाद पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। फलोदी में खारा निवासी हाल सर्वोदय बस्ती तिरूपति अपार्टमेंट कोठारी अस्पताल के सामने सुभाष बिश्नोई की ओर से पुलिस को रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वह सोलर का काम करता है। करीब 6 माह पूर्व हिस्ट्रीशीटर प्रदीप गोदारा ने जबरन अपनी हिटाची मशीन और एजेक्स लगवाए। आरोपी ने कहा कि उसके पास 100 करोड़ रूपए की संपत्ति है जिसकी पुलिस जांच कर रही है। मशीनों की एवज में पेमेंट मेरे खाते में करो जिससे पैसा एक नंबर का हो जायेगा। दबाव बनाकर उसने दो करोड़ रूपए लिए और बाद में ज्यादा पैसा मांगने लगा और 10 प्रतिशत मुनाफे के साथ पार्टनरशिप का दबाव डाला। दूसरी साइट पर उसकी मशीनें लगाने केश ट्रांजक्शन से इंकार किया तो प्रदीप ने अपनी गैंग के रामपुरा बस्ती निवासी धर्मपाल और अन्य लोगों को तिरूपति अपार्टमेंट में भेजा जहां ऑफिस में घुस गए और स्टॉफ को बंद कर बीकानेर छोड़ने की धमकी दी। प्रदीप ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी।

## कृषि यंत्रों व उपकरणों की जांच व प्रशिक्षण की जानकारी ली

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रोफेसर डॉ राजेन्द्र बाबू दुबे ने मंगलवार को फार्म इंप्रूमेंट्स एंड मशीनरी टेस्टिंग एंड ट्रेनिंग सेंटर (एफआईएमटीटीसी) का निरीक्षण किया।

केंद्र में कृषि यंत्रों व उपकरणों के संबंध में चल रही विभिन्न जांच और प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी लेते हुए कुलगुरू ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए यह गौरव का विषय है कि यहां केन्द्र सरकार के मापदंडों के अनुरूप कृषि यंत्रों के परीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इससे न केवल कृषि यंत्र निर्माता कंपनियों को लाभ मिला है बल्कि किसानों और विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षण के समुचित अवसर मिल रहे हैं।

कुलगुरू ने यहां ड्रोन प्रशिक्षण केन्द्र को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। डॉ दुबे ने कहा कि आधुनिकतम टेक्नोलॉजी के कुशलतम उपयोग के लिए प्रशिक्षण प्राथमिक आवश्यकता है। ड्रोन प्रशिक्षण कार्य को जल्द प्रारंभ किया जाए जिससे क्षेत्र के युवा किसानों को स्किल डवलप करने का मौका मिल सके। उन्होंने केन्द्र द्वारा विभिन्न गतिविधियों के जरिए विश्वविद्यालय के लिए सृजित की जा रही आय की भी सराहना की।

अनुसंधान निदेशक डॉ एन. के. शर्मा ने कहा कि लेजर लेवलर प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट कोर्स प्राथमिकता से चालू करें। कस्टम हायरिंग सेंटर में निर्धारित नियमों की पालना की जाए।

इंजीनियर विपिन लड्ढा ने केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों पर आधारित प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बताया कि इस केन्द्र में विद्यार्थियों को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग तथा फील्ड प्रशिक्षण का अवसर मिलता है। केंद्र प्रभारी डॉ विक्रम योगी ने बताया कि केंद्र द्वारा एग्रीकल्चर मैन्युफैक्चरर्स के साथ नियमित रूप से संपर्क कर नई तकनीक की मशीनों की टेस्टिंग का काम किया जा रहा है।

समस्त जांच केंद्र भारत सरकार के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप किए जा रहे हैं। कृषि उपकरणों के रखरखाव, कार्य कुशलता का प्रशिक्षण मिलने से किसानों को आधुनिकतम कृषि तकनीक से जुड़ने में मदद मिल सकी है। कुलगुरू ने मशीनों से गुणवत्ता जांच प्रक्रिया तथा रिपोर्ट की जानकारी ली। उन्होंने सीड फर्टिलाइजर ड्रिल लैब, लेजर लेवलर परीक्षण सहित विभिन्न गतिविधियों की लाईव प्रकिया को देखा। कुलगुरु ने कहा कि किसानों तथा विद्याथिर्यों के साथ नियमित प्रशिक्षण व संवाद आयोजित किये जाएं। इस अवसर पर केन्द्र के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक:- नियमन/2026/SPL-1 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 17.02.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 13 एलएनपी-।। मुरब्बा नं. 2 के किला नं. 13, 14 में भूखण्ड संख्या 13, 14 पार्ट माप 20 इन्टू 70 फीट गोल्डन सिटी रिको, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 25341 दिनांक 15.03.2024 को श्री ओमप्रकाश कूकना पुत्र श्री मनीराम कूकना के नाम से जारी है। श्री ओमप्रकाश कूकना पुत्र श्री मनीराम कूकना द्वारा भूखण्ड संख्या 13 बी का माप 3.7 इन्टू 70 फीट जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 19.01.2023 के द्वारा क्रय कर कुल भूखण्ड माप 23.7 इन्टू 70 फीट के अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 04.02.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 17/18 के किला नं. 10 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्री श्याम लाल पुत्र श्री बिल्लूराम निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री श्याम लाल पुत्र श्री बिल्लूराम निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 17/18 के किला नं. 10 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन / पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

RajKaj Ref. No. 20288463 **- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/2025/ राजकाज रे. नं. 18634667 दिनांक :- 04.11.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 03 में भूखण्ड का माप 24'-6'' गुणा 65'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री मनफूल राम निवासी चक 15 एसजीआर, तहसील सूरतगढ श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पट्टा सं. 15568 दिनांक 18.07.2022 के द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पट्टे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पट्टे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पट्टा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पट्टा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पट्टे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो वह अपनी आपति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री कृष्ण लाल पुत्र श्री मनफूल राम निवासी चक 15 एसजीआर, तहसील सूरतगढ श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पट्टे के आधार पर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 21 के किला नं. 03 में भूखण्ड का माप 24'-6'' गुणा 65'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक :- नियमन/2025/ राजकाज रे. नं. 18640448 दिनांक :- 04.11.2025

**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 14 में भूखण्ड का माप 30'-0'' गुणा 65'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री प्रहलाद राय पुत्र श्री मनफूल राम निवासी चक 15 एसजीआर, तहसील सूरतगढ श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन/पट्टा सं. 14571 दिनांक 21.04.2022 के द्वारा जारी किया गया था। आवेदक/पट्टाधारक द्वारा उक्त जारी पट्टे को निर्धारित समयावधि में उपपंजीयन कार्यालय से पंजीकृत नहीं करवाया गया। आवेदक द्वारा जरिये प्रार्थना पत्र उक्त भूखण्ड के जारी पट्टे को नवीनीकरण हेतु निवेदन किया गया है। विभागीय आदेशानुसार 3 वर्ष अवधि के पश्चात पट्टा नवीनीकरण नहीं किया जाकर पुनः नया पट्टा जारी किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/पट्टे के आधार पर नया पट्टा जारी करने के संबंध में किसी को कोई आपति हो तो वह अपनी आपति मय सबूत आपति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त नियमानुसार आवेदक श्री प्रहलाद राय पुत्र श्री मनफूल राम निवासी चक 15 एसजीआर, तहसील सूरतगढ श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/जारी पट्टे के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 22 के किला नं. 14 में भूखण्ड का माप 30'-0'' गुणा 65'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नही होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : ..................

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 53/57 के किला नं. 19 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 40'-0''फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री मनोज कुमार पुत्र श्री विजय कुमार निवासी हाउस नं. 123 डी गली नं. 04, सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री मनोज कुमार पुत्र श्री विजय कुमार निवासी हाउस नं. 123 डी गली नं. 04, सेतिया कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 53/57 के किला नं. 19 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0''गुणा 40'-0''फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

**-सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।**






डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512

अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.

हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. **कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.**

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC / MI / 2025-26 / 18 / Hin

# पीएम मोदी के 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर दौरे को लेकर तैयारियां शुरु

## आईजी, जिला कलैक्टर व एसपी ने कायड़ विश्राम स्थली का दौरा किया

**अजमेर,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 फरवरी को प्रस्तावित अजमेर दौरे और कायड़ विश्रामस्थली पर होने वाली विशाल जनसभा को लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर शुरू हो गई हैं। मंगलवार को आईजी, जिला कलैक्टर लोकबंधु व एसपी वंदिता राणा ने कायड़ विश्राम स्थली का दौरा किया और अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। साथ ही जिम्मेदारियां भी सौंपी है।

वहीं व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और डीजीपी राजीव कुमार शर्मा बुधवार को अजमेर पहुंचेंगे। दोनों उच्चाधिकारी कायड़ विश्रामस्थली का बारीकी से निरीक्षण करेंगे और प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सुरक्षा व अन्य इंतजामों पर चर्चा करेंगे।



पीएम नरेन्द्र मोदी के अजमेर दौरे को लेकर अधिकारियों ने कायड़ विश्राम स्थली का दौरा किया।

- व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिये मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और डीजीपी राजीव कुमार शर्मा आज अजमेर पहुंचेंगे
- कायड़ विश्राम स्थली का निरीक्षण और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर सुरक्षा व अन्य इंतजामों पर चर्चा करेंगे मुख्य सचिव और डीजीपी

**अधिकारियों की टीम तैनात, जिम्मेदारी सौंपी:**-जिला कलैक्टर लोकबंधु ने आयोजन की भव्यता और सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों की टीम तैनात कर दी है। मंगलवार को आईजी, कलैक्टर व एसपी ने कायड़ विश्राम स्थली का दौरा कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जिम्मेदारियां भी सौंपी है, जिनमें एडीए आयुक्त नित्या के, सचिव अनिल पूनिया और पी डब्ल्यूडी विभाग के एस ई अशोक तंवर को मुख्य प्रबंधन की जिम्मेदारी, नगर निगम आयुक्त देशलदान, एडीएम सिटी नरेन्द्र कुमार मीणा, एसई पीएचईडी रामचन्द्र और डिस्कॉम के एक्सईएन, सीईओ जिला परिषद राम प्रकाश और आरटीओ सुमन भाटी को व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी सौंपी। एसपी वंदिता राणा के अनुसार कायड़ विश्रामस्थली को पूरी तरह सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है। हैलीपैड, पार्किंग और वीआईपी आवास क्षेत्रों की सुरक्षा के लिए एडीए व पीडब्लूडी की विशेष टीमें बनाई गई हैं। सभा स्थल और आसपास के क्षेत्रों में 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो।

# रूपनगढ़ में नाबालिग बालिका की हत्या का खुलासा

## पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया

**रूपनगढ़,** (निसं)। रूपनगढ़ पुलिस ने नवंबर माह में हुई नाबालिग बालिका हत्याकांड की गुत्थी सुलझाते हुए ब्लाइंड मर्डर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया है।

थाना प्रभारी सीआई रामस्वरूप चौधरी ने बताया कि 21 नवंबर 2025 को पुलिस थाना रूपनगढ़ को सूचना मिली थी कि ग्राम मोरड़ी की सरहद में ओमप्रकाश मुण्ड के खेत पर बावरिया समाज की एक नाबालिग लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। खेत में बने एक कमरे में रामा बावरिया की नाबालिग पुत्री का शव कपड़े टांगने की तणी (डोरी) पर स्टूल के सहारे फंदे से लटका मिला। मृतका के पैर और शरीर जमीन से टिके होने के कारण मामला प्रथमदृष्टया संदिग्ध नजर आया। घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अजमेर ग्रामीण दीपक शर्मा तथा सहायक पुलिस अधीक्षक वृत्त किशनगढ़ शहर अजय सिंह राठौड़ ने मौके का गहन निरीक्षण किया। मोबाइल फॉरेंसिक टीम से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए गए और मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया।

- नाबालिग की गला दबाकर हत्या की थी, आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से शव को लटका दिया था
- घटना के बाद आरोपी मृतका के परिजनों के बीच सहानुभूति जताकर गुमराह करता रहा

प्रार्थी रामा बावरिया द्वारा पुत्री के साथ दुष्कर्म कर हत्या कर शव को फंदे पर लटकाने की आशंका जताने पर जिला पुलिस अधीक्षक अजमेर वन्दिता राणा के निर्देश पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। जांच किशनगढ़ ग्रामीण डिप्टी आयुष वशिष्ठ के सुपरविजन में प्रारंभ की गई। मामले के खुलासे के लिए थाना स्तर पर विशेष टीम गठित की गई। थानाप्रभारी के नेतृत्व में एएसआई बनवारी लाल, कांस्टेबल पिंटू सारण, मोहन सारण, परमाराम सहित टीम ने करीब 50 सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आसूचना संकलन, फील्ड इंटेलिजेंस और सतत निगरानी के जरिए आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। जांच के दौरान पुलिस ने नोलाराम (23) पुत्र अमरु बागरिया निवासी नुवा को गिरफ्तार किया तथा एक नाबालिग को निरुद्ध किया। पूछताछ में आरोपी ने बालिका का गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया तथा हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को उसी कमरे में फंदे से लटका देने की बात कबूल की। घटना के बाद आरोपी मृतका के परिजनों के बीच सहानुभूति जताकर उन्हें गुमराह करता रहा। फिलहाल पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है और प्रकरण में अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है।

पूरे मामले के सफल खुलासे में कांस्टेबल मोहन सारण एवं पिंटू कुमावत की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की अनुसंधान कार्रवाई जारी है।

# साध्वी प्रेम बाईसा मृत्यु प्रकरण में कंपाउंडर के खिलाफ केस दर्ज

**जोधपुर,** (कासं)। कथावाचक प्रेम बाईसा की मौत का प्रकरण का खुलासा तीन दिन पहले हो गया था। उनकी मौत अस्थमा और कार्डियक अरेस्ट हुई थी। पुलिस को मेडिकल रिपोर्ट पर संशय बना रहने से दुबारा रिपोर्ट के साथ कुछ सवालों के जवाब बोर्ड से मांगे गए थे। बोर्ड द्वारा जवाब मिलने के बाद रिपोर्ट एसआईटी ने अपने उच्चाधिकारियों को सोमवार सौंप दी। देर रात उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कंपाउंडर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। हालांकि गिरफ्तारी पूर्ण जांच पड़ताल के बाद ही संभव है।

पुलिस उपायुक्त विनीत कुमार बंसल के अनुसार केस दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी नहीं हुई है। जांच और अग्रिम अनुसंधान के बाद गिरफ्तार किया जा सकता है। एसआईटी अपनी जांच कर रही है। इधर प्रकरण दर्ज होने के बाद से ही नर्सेज का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। वे इसके विरोध में खड़े हो गए हैं। इसको लेकर नर्सेज बड़ा निर्णय ले सकते हैं। नर्सेज ने केस दर्ज को लेकर पूर्णतया गलत बताया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस ने प्रेम बाईसा की मौत की वजह अस्थमा और कार्डियक अरेस्ट से होना बताया था, मगर पुलिस को उनकी मेडिकल रिपोर्ट पर संशय बना रहा और कुछ प्रश्न छूटे हुए थे। जिसे मेडिकल बोर्ड से फिर से जवाब मांगा गया, जिसकी रिपोर्ट एसआईटी को सोमवार को मिली और उसे उच्चाधिकारियों को दिया गया। देर रात उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बोरानाडा थाने में प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस जांच पड़ताल और पूछताछ में मालूम हुआ कि साध्वी प्रेम बाईसा को दो इंजेक्शन डायनापार एवं डेक्सोना एक साथ लगाए गए थे जोकि गलत है।

साध्वी प्रेम बाईसा के निधन पर नर्सिंग अधिकारी देवी सिंह राजपुरोहित के द्वारा मानवीय संवेदनाओं के दृष्टिकोण से जो सेवा की गई, उस पर मुकदमा दर्ज किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है।

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष शंभू सिंह मेड़तिया ने बताया कि इस घटना से आम कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। कर्तव्य का पालन करते हुए किसी मरीज की सेवा करना यदि अपराध माना जाएगा, तो यह कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई पूर्णतः गलत है और कर्मचारी महासंघ इसका पुरजोर विरोध करता है। महासंघ द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है तथा कार्रवाई स्थगित नहीं की गई तो उठा प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# जोधपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की फिर धमकी मिली

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर को एक बार फिर से बम से उड़ाने की धमकी मिली है। हाईकोर्ट प्रशासन को सुबह एक धमकी भरा ई-मेल मिला, जिसमें परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सूचना पर पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीमें मौके पर पहुंची। कोर्ट रूम सहित पूरी बिल्डिंग को खाली करवाया गया। हालांकि दोनों जगह सर्च में कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला। जोधपुर डीसीपी (पश्चिम) विनीत बंसल की अगुवाई में पुलिस टीम तलाशी ली गई। करीब ढाई घंटे तक तलाशी अभियान चला। इसके बाद सवा ग्यारह बजे से जजों के कोर्ट पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। और साढ़े ग्यारह बजे से कोर्ट में सुनवाई शुरू कर दी गई। बम डिस्पोजल स्क्वायड और डॉग स्क्वायड की टीमों ने चप्पे-चप्पे को खंगाला, ताकि किसी भी संदिग्ध वस्तु का पता लगाया जा सके। जयपुर बेंच में भी तलाशी ली गई, जिसमें कुछ नहीं मिला। सर्च के बाद भी बिना परिचय-पत्र के किसी भी वकील को भीतर प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं, विभिन्न मामलों में अपनी सुनवाई के लिए पहुंचे परिवादियों को भी कोर्ट के गेट नंबर 1 से पास बनवाने के बाद ही प्रवेश दिया गया। इनके अलावा किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। बिना वैध कार्ड और पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई।गेटों पर चेकिंग बढ़ा दी गई और हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी गई।

- सूचना पर पुलिस और डॉग स्क्वायड की टीमों ने जांच की, कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला

# चलती स्कूटी में आग लगी

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर के कल्ब जी रोड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब होंडा के सर्विस सेंटर के बाहर चलती एक स्कूटी में अचानक आग लग गई। घटना दिनदहाड़े हुई, जिससे आसपास मौजूद लोगों में दहशत फैल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी में आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी बताई जा रही है। स्कूटी सवार युवक ने जैसे ही धुआं उठता देखा, उसने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर दिया। कुछ ही क्षणों में स्कूटी ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं। बताया जा रहा है कि स्कूटी विष्णु मिश्रा की है। युवक की सतर्कता के कारण बड़ा हादसा टल गया, क्योंकि यदि वह समय रहते स्कूटी नहीं रोकता तो जानमाल का नुकसान हो सकता था। आग लगने से आसपास खड़े लोग दूर हट गए और यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहा। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया।

# जमीन विवाद में फायरिंग, बाल-बाल बचा पीड़ित

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण इलाके के सांगोद थाना इलाके में पिता व बेटे ने जमीन विवाद को लेकर पीड़ित व उसके परिजनों पर चार राउंड फायर कर दिये। अचानक हुए घटनाक्रम से अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि गोली किसी को भी नहीं लगी। हमलावर चार फायर कर मौके से फरार हो गये।

घटना सांगोद थाना इलाके के घटाल गांव की है। वही फायरिंग की सूचना पाकर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची। पीड़ित ने इसकी रिपोर्ट सांगोद थाने में दर्ज कराई है। सांगोद थाने के हैड कांस्टेबल सुभाष यादव ने बताया कि इलाके के घटाल गांव निवासी हरिप्रसाद मीणा ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा कि मंगलवार को भागीरथ व उसका बेटा अरिहंत बाइक से उसके घर आये और घर में मौजूद उसकी साली को जमीन विवाद को लेकर धमकाने लगे। रिपोर्ट में कहा कि उसके साढ़ू महावीर की जमीन पर भागीरथ और उसका बेटा अरिहत कब्जा करना चाहता है, उसी रंजिश जमीन विवाद को लेकर अरिहत ने अचानक से पिस्टल से चार फायर कर दिये। गनीमत रही कि हमले में गोली किसी को भी नहीं लगी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित हरिप्रसाद मीणा की रिपोर्ट पर भागीरथ व अरिहंत के खिलाफ मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है।

- पुलिस ने हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है

# कोटा में ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोटा,** (निसं)। उद्योग नगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात्रि को ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त कंसुआ अर्फोडेबल योजना निवासी जितेन्द्र अजवानी के रूप में हुई है। युवक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली।

उद्योग नगर थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात्रि को इलाके के संजय नगर पुलिया के पास रेलवे लाइन पर एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली, सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम में रखवा दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त कंसुआ आर्फोडेबल योजना निवासी जितेन्द्र अजवानी (40) के रूप में हुई। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त होने के बाद मृतक के परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। थानाधिकारी ने बताया कि फिलहाल मामले में कोई कारण सामने नहीं आया। घटना किन कारणों के चलते हुई, मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। उद्योग नगर थाने के एएसआई मोहम्मद अनवर ने बताया कि मृतक कपड़े की दुकान पर काम करता था। वह रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंचा हर पहलू की जांच की जा रही है।

# जोधपुर में प्रोपर्टी डिलिंग और शेयर ट्रेडर्स कारोबारी से डेढ़ करोड़ की ठगी

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के एक प्रोपर्टी डिलिंग और शेयर ट्रेडर्स कारोबारी से शातिरों ने 1.5 करोड़ की ठगी कर ली। ट्रेडर्स ने अब शास्त्रीनगर थाने में रिपोर्ट दी है। जिस पर पुलिस ने अब जांच आरंभ की है। पीड़ित ने तीन कंपनियों का नामजद किया है। यह फर्जी है अथवा सही है इसका पता जांच के बाद ही चल पाएगा।

शास्त्रीनगर पुलिस ने बताया कि पाल रोड पर सुभाष नगर स्थित सुभाष विहार में रहने वाले लीलाधर खत्री पुत्र सोहनराज खत्री ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि वह राजस्थान प्रोपर्टी डिलिंग और शेयर बाजार में ट्रेडिंग का काम करता है। 15 अक्टूबर 25 को वह अपने फेसबुक आईडी चला रहा था। तब उसने फायर्स सिक्योरटीज के नाम की कंपनी का विज्ञापन देखा था, जोकि खुद को सेबी से कनेक्ट और शेयर बाजार में अच्छे रिटर्न की बात बता रहा था। इस पर बाद में उसके द्वारा ग्रुप को जाइन किया गया और एक महिला नैना वर्मा, जिसने खुद को कंपनी का सहायक बताया था और कॉल किया। उसने बातों में उलझाने के साथ इंवेस्टमेंट के नाम पर बात की। उसने फिर सर्विस मैनेजर विक्रम नायर से बात करवाई। इनकी बातों में आकर उसने 75 लाख 85 हजार 820 रूपए इंवेस्ट कर दिए। जोकि बाद में मुनाफ के तौर पर 9 करोड़ 33 लाख 65 हजार रूपए बता रहे थे। मगर इन रूपयों को विड्राल करने के लिए उसे 1.95 लाख रूपए मांगे गए। नैना वर्मा ने अपनी तरफ से 30 लाख और कंपनी की तरफ से 80 लाख रूपए खाते में डालना बताया। मगर 9 करोड़ विड्राल करने के लिए वापिस उक्त रकम को डालने को कहा गया। फिर उसने इधर-उधर से कर रूपए उनके खाते में भिजवाए।

- शातिरों ने बड़े मुनाफे का लालच दिया, तीन कंपनियों के खिलाफ केस दर्ज

रिपोर्ट में बताया कि 24 दिसम्बर को उसे ग्रुप से रिमूव कर दिया गया। इसी तरह एक अन्य शेयर ट्रेडिंग कंपनी वेंचुरा सिक्योरिटी ने भी फ्रॉड का शिकार बनाया और 5 नवंबर को 69.10 लाख रूपए इंवेस्ट कराए गए। यहां पर उसकी पहचान वृतिका आनंद से हुई थी, जिसके बताए अनुसार रूपए इंवेस्ट किए गए थे। उसके द्वारा जमा कराई रमम को बाद में 5 करोड़ 42 लाख 802 रूपए दर्शाया गया, मगर उन लोगों ने भी ठगी का शिकार बनाया। जबकि तीसरे अन्य कंपनी जोकि एक्सेल इंवेस्टमेंट नाम से थी उसमें 3.95 लाख ट्रांसफर किए गए। उक्त तीनों कंपनियों ने खुद को सेबी से कनेक्ट और रजिस्टर्ड होना बताया था। इस तरह शातिरों ने उससे 1.5 करोड़ रूपए इंवेस्टमेंट के नाम पर ऐंठ लिए।

# श्रीगंगानगर जिले में मौसम बदला, बूंदाबांदी हुई

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। जिले में मंगलवार सुबह मौसम अचानक से बदल गया। सुबह 12 बजे ग्रामीण इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम सुहावना हो गया।

मौसम बदलने के बाद जिलेभर में बादलों की आवाजाही का दौर जारी है। कभी धूप निकल रही है तो कभी बादल छा रहे हैं। इसके साथ ही तेज हवाएं भी चल रही हैं। जिले में बारिश की संभावना है। हालांकि, मौसम विभाग के अनुसार 3 दिन बाद 20 फरवरी के बाद से तेज गर्मी का दौर शुरू होगा। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान 12.17 डिग्री और अधिकतम तापमान 30.7 डिग्री रिकार्ड किया गया।

वहीं, रविवार को यहां न्यूनतम तापमान 12.4 डिग्री और अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री रिकार्ड किया गया था। वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम विभाग ने 18 फरवरी को श्रीगंगानगर जिले में हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान आसमान में बादलवाही का दौर भी जारी रहेगा। इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी और बारिश होगी। बारिश के बाद से मौसम में हल्की गिरावट आने की संभावना है।

# अजमेर में कच्ची बस्तियों में रहने वाले लोगों ने पट्टे देने की मांग की

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिला कांग्रेस कमेटी के कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के बैनर तले मंगलवार को कच्ची बस्तियों में रहने वाले लोगों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कच्ची बस्तियों से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट तक मार्च किया। कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद लोगों ने धरना दिया और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।

कांग्रेस पार्टी एवं समाजसेवी हेमराज खारोलिया ने बताया कि धरना-प्रदर्शन के बाद कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला कलैक्टर लोकबंधु को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कच्ची बस्तियों में रहने वाले लोगों की समस्याओं और मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की गई। इस धरना-प्रदर्शन में अजमेर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल, डॉ श्रीगोपाल बाहेती, द्रोपदी कोली, हेमराज खारोलिया सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने कच्ची बस्ती में रहने वाले परिवारों के अधिकारों और सुविधाओं को लेकर एकजुटता दिखाई और प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की।




अजमेर में कच्ची बस्तियों में रहने वाले लोगों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की।

- कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ ने प्रदर्शन कर पट्टों और मूलभूत सुविधाओं को लेकर सौंपा

कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ अजमेर के जिला अध्यक्ष डॉ. दीनदयाल पंवार ने बताया कि कच्ची बस्तियों में रहने वाले कई परिवार पिछले कई वर्षों से वहीं निवास कर रहे हैं। इन बस्तियों में बिजली, पानी, शौचालय, सड़क, स्कूल और राशन कार्ड जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि इनका निवास स्थायी रूप से स्थापित हो चुका है। इसके बावजूद आज तक इन परिवारों को उनके मकानों के कानूनी पट्टे प्रदान नहीं किए गए हैं। पट्टे नहीं होने के कारण इन लोगों को हर समय बेदखली का डर बना रहता है और वे अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस करते हैं। जिला अध्यक्ष ने बताया कि 200 फीट रोड को ईदगाह और रातीडांग क्षेत्र से दूर किया जाए, ताकि जिन लोगों के मकान इस रोड निर्माण के कारण टूटने की स्थिति में हैं, उन्हें बचाया जा सके। उनका कहना है कि रोड की दिशा में बदलाव कर लोगों के घरों को सुरक्षित रखा जा सकता है।

उन्होंने यह भी बताया कि अजमेर में कई कच्ची बस्तियां ऐसी हैं, जिनका आज तक न तो अजमेर विकास प्राधिकरण (एडीए) और न ही नगर निगम में कोई रजिस्ट्रेशन हुआ है। उन्होंने मांग की कि इन बस्तियों का सर्वे कराकर उनका रजिस्ट्रेशन किया जाए, ताकि वहां रहने वाले लोगों को भी मकानों के पट्टे मिल सकें और उन्हें कानूनी अधिकार प्राप्त हो सके।

डॉ. पंवार ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी तीनों प्रमुख मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया, तो कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ और कांग्रेस के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कच्ची बस्तियों में रहने वाले लोगों के अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा। हेमराज खारोलिया ने बताया कि कच्ची बस्तियों के निवासियों ने यह भी मांग की कि प्रस्तावित 200 फीट रोड को ईदगाह, राठी डांग और चौरसियावास क्षेत्र से दूर किया जाए, ताकि लोगों के मकान टूटने से बच सकें। साथ ही जिन कच्ची बस्तियों का अभी तक अजमेर विकास प्राधिकरण या नगर निगम में रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ है, उनका सर्वे कर रजिस्ट्रेशन किया जाए और पात्र लोगों को पट्टे प्रदान किए जाएं।

# 26 घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण जब्त

**अलवर,** (निसं)। जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में घरेलू गैस की अवैध गैस रिफलिंग एवं व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु गठित जांच दल द्वारा अलवर शहर एवं कठूमर क्षेत्र में कार्रवाई कर 26 घरेलू गैस सिलेंडर व अन्य उपकरण जब्त किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि टीम द्वारा दाउदपुर निवासी मिथलेश उर्फ बिहारी जिनकी अग्रसेन सर्किल के समीप पुल के नीचे दुकान संख्या 34 एवं 35 पर जांच करने पर घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में गैस रिफलिंग का अवैध कार्य किया जाना पाया गया। इस पर टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 26 गैस सिलेंडर मय 4 मोटर, 9 रेग्यूलेटर, 2 कांटा एवं 2 बांसूरीनुमा यंत्रा जब्त कर सुरक्षा की दृष्टि से मैसर्स मॉर्डन गैस एजेंसी के प्रतिनिधि को सुपुर्द किया गया।

इसी प्रकार मैसर्स अंजली भारत गैस एजेंसी थूनरोड तसई कठूमर में जांच के दौरान स्टॉक एवं वितरण से संबंधित विभिन्न अनियमितताएं पाई गई। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस के व्यावसायिक कार्य में दुरूपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्रवाई निरन्तर जारी रहेगी।


मुख्यमंत्री निःशुल्क जाँच योजना

**Rajasthan Medical Services Corporation Limited, Jaipur**

D-Block, Swasthya Bhawan, C-Scheme, Jaipur – 302005

Ph. No. 0141-2223887, Fax No. 0141-2228065 E-Mail –edepmrmsc-rj@nic.in

No. F-8 () RMSC/EPM/M-4/NIB-933/2025-26/1696 Date : 12.02.2026

**Corrigendum / Addendum**

Corrigendum / Addendum Bid No. (NIB-933) for Item DEEP FREEZER for revised technical specifications has been issued. Corrigendum / Addendum details may be visited on Procurement portal website "https://sppp.rajasthan.gov.in" or "www.dipronline.org" or "https://eproc.rajasthan.gov.in" or website "http://rmsc.health.rajasthan.gov.in"

UBN:-(MSC2526GLOB00056)

Raj.Samwad/C/25/19956 Executive Director (EPM)

**Office Of The District Education Officer (HQ) Secondary Jalore (Raj.)**

No. deo/hq/sec/jalore/Accounts/25-26/75 Date: 10/02/2026

**NOTICE INVITING TENDER No.-5**

Bid of procurement of supply of complete Gents Bicycles is inviting form interest bidders up to 23-02-2026 time 12:30 P.M. Other particulars of the bid may be visiting the on procurement portal https://eproc.rajasthan.gov.in & https://sppp.rajasthan.gov.in of the site.

| S. No. | Item/Description of work | Estimated cost (In Rupees) | UBN |
|---|---|---|---|
| 01. | Supply of Complete Gents Bicycles 20" (Colour Orange) | 51,67,962/- | EDU2526 GLOB00136 |

DIPR/C/2944/2026 (Bhanwar Lal Parmar) (HQ.) Secondary, Jalore

TEL. NO:-07469-230595 EMAIL:- xenphedhnd@yahoo.in

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड हिण्डौन**

**Notice Inviting Bid**

Bids for Various work in PHED Dn. Hindaun is invited from interested bidders. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal sppp.raj.nic.in of the state and http://eproc.rajasthan.gov.in departmental website.

NIB No. PHE2526A6213

| S.No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1. | 51/2025-26 | PHE2526 SLRC 13322 |
| S.No. | Total Work | |
| 1. | Total Estimated Cost | 75.00 Lacs |
| 2. | Tender Submission Start Date | 10.02.2026 Upto 12:00 PM |
| 3. | Tender Submission End Date | 19.02.2026 Upto 6:00 PM |
| 4. | Technical Bid Opening Date | 20.02.2026 Upto 12:00 PM |

DIPR/C/2872/2026 (जय नारायण चेतीवाल) अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभियांत्रिक विभाग, खण्ड हिण्डौन सिटी

**कार्यालय नगर पालिका सांगोद जिला कोटा (राज.)**

E-Mail Id:- np.sangod05@gmail.com Phone No.:-07450-294239

क्रमांकः-न.पा.सा/2026/463 दिनांकः-12.02.2026

**निविदा-सूचना**

इस कार्यालय की ई-निविदा सूचना क्रमांक 462 दिनांक 12.02.2026 के द्वारा कुल 01 कार्य की अनुमानित लागत 24.99 लाख की उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों/फर्मो/एजेंसियो/स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा से सम्बंधित समस्त विवरण https://www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

| Work No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB34038 |

अध्यक्ष नगरपालिका सांगोद अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका सांगोद

राज.संवाद/सी/25/19918

**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**

CIN:- U40102RJ2000SGCO16484 (राजस्थान सरकार का उपक्रम)

सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट, सूरतगढ़ (राज.)

**ऑनलाईन/ऑफलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित वार्शिक अनुबंध/कार्य/सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमन्त्रित की जाती है:- 268(RVU2526WSOB02321) रसायनों के नमूना संग्रह व परीक्षण, 269(RVU2526WSOB02309) 3-Φ, 415 V एलटी मोटरों की मरम्मत और रिवाइंडिंग, 270(RVU2526WSOB02319) एचपी और आईपी टर्बाइन, नियंत्रण और स्टॉप वाल्व, ओवरलोड वाल्व, क्रास ओवर पाइप आदि के थर्मल इन्सुलेशन को हटाना, आपूर्ति एवं अनुप्रयोग, 271(RVU2526SSOB02324) OCEQMS व PTZ कैमरे का रखरखाव, 272(RVU2526WSOB02323) इनसीटु के मरम्मत और विभिन्न प्रकार के वाल्व रिकण्डीशनिंग, 273(RVU2526WSOB02313) जंगली वनस्पति की सफाई और भूतल ड्रैसिंग, 274(RVU2526SLOB02330) कलिंकर ग्राइंडर के रिपेयरिंग एवं रिकण्डीशनिंग, 275(RVU2526WSOB02316) टर्बाइन के कंडेनसर ट्यूब की हाइड्रोजेट सफाई, 276(RVU2526SLOB02320) सीसीटीवी निगरानी प्रणाली का रखरखाव, 277(RVU2526WSOB02327) रेडियोग्राफी और अल्ट्रासोनीक प्रवाह की जाँच, 278(RVU2526WSOB02314) स्टैक मॉनिटरिंग, वायु गुणवत्ता मौसम सम्बंधित डाटा मॉनिटरिंग, 372(RVU2526GLOB02308) बकेट व्हील शाफ्ट एवं 373(RVU2526GSOB02310) दवाओं व ड्रेसिंग सामग्री की आपूर्ति। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in (ई-निविदा हेतु), www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl पर उपलब्ध है।

RVUN/PR-4350 राज.संवाद/सी/25/19929 परियोजना प्रमुख (सूरतगढ़ सुपर क्रिटिकल)

# खजाना खाली कर गए और सीख हमें देते हैं, घाटे के बीज बोकर हिसाब हमसे लेते हैं : दिया कुमारी

## बजट बहस का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री ने कांग्रेस नेताओं पर जमकर कटाक्ष किया

**जयपुर ( विसं )।** उप मुख्यमंत्री व वित्तमंत्री दिया कुमारी ने बजट बहस का जवाब देते हुए कांग्रेस पर जमकर कटाक्ष किया। उन्होंने बजट बहस के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, बायतू से हरीश चौधरी, राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा सहित अन्य सदस्यों द्वारा उठाए बिंदुओं का तल्ख जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि ''खजाना खाली कर गए और सीख हमें देते हैं, घाटे के बीज बोकर हिसाब हमसे लेते हैं।'' हमारी सरकार राजस्व आय में वृद्धि करने के लिए प्रयासरत है। कांग्रेस सरकार के वक्त राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का के 4.4 प्रतिशत था, जबकि हमारी सरकार की ओर से राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 2025-26 में 3.87 प्रतिशत अनुमानित किया। साल 2026-27 में कम करके 3.6 9 प्रतिशत अनुमानित है। दिया कुमारी ने सबसे पहले सड़कों के क्षेत्र में घोषणा करते हुए कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क मरम्मत व उन्नयन के लिए 690 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। डीएमआईसी नीमराणा औद्योगिक क्षेत्र में 1012 करोड़ रूपए की लागत से पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

कृत्रिम जलाशय व फीडर निर्माण पर अगले साल 200 करोड़ रूपए खर्च होंगे। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पुरानी जीर्ण-शीर्ण पाइप लाइन बदलने के लिए 150 करोड़ खर्च होंगे। वहीं, विद्याधर नगर में पानी की पाइप लाइन, टंकी निर्माण व ट्ययूबवेल के लिए 37 करोड़ रुपए की घेषणा की।



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को सदन में बजट बहस का जवाब दिया।

### 'किसानों को खेत तक रास्ता देगी सरकार'

किसानों को खेत तक रास्ते के लिए 20 फीट तक सरकारी जमीन की पट्टी का आवंटन हो सकेगा। इसके लिए डीएलसी की दुगुनी दर से पैसा देना होगा। दिया कुमारी ने कहा कि रास्तों और खातेदारी जमीन के बीच में सरकारी भूमि होने पर अप्रोच रोड़-पहुंच मार्ग उपलब्ध नहीं हो पाता, ऐसी खातेदारी जमीन का गैर कृषि कामों में उपयोग के लिए लैंड यूज चेंज नहीं हो सकता। ऐसे प्रकरणों में 20 फीट तक की चौड़ाई की सरकारी जमीन की पट्टी का कृषि भूमि की प्रचलित डीएलसी की दुगनी दर से भुगतान करने पर संबंधित खातेदार को अप्रोच रोड-पहुंच मार्ग के लिए आवंटन आवंटन किया जा सकेगा।

■ कांग्रेस सरकार के वक्त राजकोषीय घाटा जीएसडीपी का के 4.4 प्रतिशत था, जबकि हमारी सरकार की ओर से राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 2025-26 में 3.87 प्रतिशत अनुमानित किया। साल 2026-27 में कम करके 3.6 9 प्रतिशत अनुमानित है।

### 'हमारी सरकार सबको साथ लेकर चलने वाली'

दिया कुमारी ने कहा कि हमारी सरकार सबको साथ लेकर चलने वाली सरकार है। विपक्ष की तथ्यात्मक आलोचना का हम स्वागत करते हैं। कुछ ने अनावश्यक अर्नगल आलोचना की, मैं आभारी हूं कि उन्होंने कम से कम बजट तो पढ़ा। यह तो इनकी परंपरा रही है। बजट समझा भले न हो, लेकिन पढ़ तो लिया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी नेता प्रतिपक्ष ने आज अनजाने ही सही हमारे पिछली बजट की तारीफ कर दी। आज उन्होंने कविताओं के अलावा ज्यादा कुछ आलोचना करने को मिला नहीं।

### 'मेरा पानी पीना याद रहा, जेजेएम में भ्रष्टाचार नहीं'

दिया कुमारी ने डोटासरा पर तंज कसते हुए कहा कि लक्ष्मणगढ़ विधायक ने मेरे बजट भाषण पढ़ने के दौरान मेरे द्वारा सात आठ बार पानी पीने पर टिप्पणी की। अब क्या करें, हमारे समय में पानी आसानी से सब लोगों के लिए उपलब्ध है। अब आपके समय में जल जीवन मिशन की परियोजनाओं में जो भ्रष्टाचसर हुआ वो सब जानते हैं। उनकी सरकार में हुए भ्रष्टाचार पर तो इनका ध्यान गया ही नहीं, पर मैंने कितना पानी पिया उस पर ध्यान जरूर जाएगा । अभी मैं पानी और पी लेती हूं। यह कहकर दिया कुमारी ने गिलास उठाकर पानी पीया। इस पर डोटासरा ने पलटवार करते हुए कहा कि पानी बर्बाद क्यों किया जा रहा है इतनी सी बात है। इस पर ससंदीय कार्य मंत्री ने कहा कि पानी पीने को बर्बाद करना कैसे कह सकते हैं।

### 'एक लाख पदों पर भर्ती प्रोसेस में है'

दिया कुमारी ने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को नौकरियां दे रही हैं। एक लाख पदों पर भर्ती प्रोसेस में है। एक लाख भर्तियों का कैलेंडर जारी है।

# बजट बहस के जवाब में सरकारी कर्मचारियों को लुभाया

## ट्रेनिंग में नौकरी छोड़ने पर वेत्तन भत्तों की नहीं होगी वसूली

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर ।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को राज्य विधानसभा में बजट बहस का जवाब देते हुए प्रदेश के बुनियादी विकास, कर्मचारी और आमजन हित में कई अहम घोषणाएं कीं। दिया कुमारी ने सरकारी कर्मचारियों को प्रोबेशन पीरियड में ट्रेनिंग के दो साल की अवधि में केंद्र या राज्य की दूसरी नौकरी में चयन पर मौजूदा पद छोड़ने पर राहत देने की घोषणा की है। अब दो साल की ट्रेनिंग अवधि में पद छोड़ने पर वेतन भत्तों की वसूली नहीं होगी। सभी राज्य कर्मचारियों को एक्सटेंडेंट इंश्योरेंस मेच्योरिटी के साथ अर्धवार्षिकी रिटायरमेंट तिथि तक इंश्योरेंस कवर दिया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने कहा राजस्थान को पीछे किसने छोड़ा था, यह इतिहास जानता है। शिक्षा, कृषि पर नेता प्रतिपक्ष ने बजट कम करने की बात उठाई। हमारा कृषि बजट कांग्रेस सरकार से 34 प्रतिशत ज्यादा है। कम से कम आंकड़े तो सही रख दीजिए। दिया कुमारी ने कहा कि राष्ट्रीय औसत दर से हमारी ग्रोथ रेट ज्यादा होने पर विधायक ने सवाल उठाए। हमारा फैडरल स्ट्रक्चर है। राजस्थान की जीएसडीपी की ग्रोथ रेट राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। 2047 तक भारत को विकसित बनाने में राजस्थान ग्रोथ इंजन का काम करेगा। राज्य की जीएसडीपी अगले साल तक 21 लाख करोड़ पार होने का अनुमान है। यह कांग्रेस राज से 41 प्रतिशत से ज्यादा है।

### बजट रिप्लाई में राहत, छोटी छोटी घोषणाओं से लुभाया

**-किसानों को खेत तक पहुंचने के लिए जमीन देगी सरकार**

**-कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के पास बनेगा नया औद्योगिक क्षेत्र**

**-शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के लिए 690 करोड़ की घोषणा**

**-ट्रिपल आईटी कोटा में नए कोर्स होंगे शुरू, एआई हब बनेगा**

**-लूणकरणसर में मिनी सचिवालय का निर्माण करवाया**

**-75 हजार स्कूली बच्चों की आंखों की जांच कर देंगें चश्मे**

# 'गौ-हत्या'' पर विधानसभा में दिनभर हंगामा, 7 बार कार्यवाही स्थगित

## विपक्ष के आरोपों से गुस्से में आकर सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा वैल क्रॉस करके विपक्ष की तरफ जा पहुंचे, हाथापाई की नौबत बनी

**-विधानसभा संवाददाता-**

**जयपुर ।** ''गौ-हत्या'' के मुद्दे पर विधानसभा में मंगलवार को करीब 6 घंटे तक जमकर हंगामा हुआ। मामला इतना बढ़ा कि सदन की कार्यवाही भी 7 बार स्थगित करनी पड़ी। कांग्रेस ने पिछले सप्ताह जयपुर में गौवंश की हत्या को लेकर हंगामा किया। कांग्रेसी विधायकों ने सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा पर गौ-हत्यारों को बचाने तक का आरोप लगा दिया, जिससे आवेश में आकर विधायक गोपाल शर्मा वैल क्रॉस करते हुए विपक्ष की तरफ जा पहुंचे। इस दौरान हाथापाई की नौबत तक आन पड़ी थी। बताया जा रहा है कि अब कांग्रेस विधायक, सिविल लाइंस गोपाल शर्मा को विशेषाधिकार हनन का नोटिस देने की तैयारी में है। विपक्ष ने मांग की है कि गौ-हत्या की जांच की जाकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

दिनभर के हंगामे के बाद शाम करीब 5 :15 बजे स्पीकर वासुदेव देवनानी ने दोनों पक्षों को शांत किया और उनका पक्ष सुना। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि, प्रश्नकाल के दौरान गाय को ''राज्य माता'' का दर्जा देने से जुड़े सवाल पर जवाब के दौरान सदन में माहौल गर्माया। पिछले दिनों जयपुर में गौ-हत्या का पाप हुआ है। इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। प्रश्नकाल में जब यह मामला उठा उस वक्त भाजपा विधायक गोपाल शर्मा आवेश में आकर गुस्से में विपक्ष की तरफ आ गए थे। हम गोपाल शर्मा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस देंगे।

■ करीब 6 घंटे के हंगामे के बाद शाम 5:15 बजे स्पीकर ने बीच बचाव किया और कहा कि ''रिकॉर्डिंग और कागज देखकर फैसला करेंगे''

इस पर सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इशारा करके गोपाल शर्मा को गौ-हत्यारा कहा था, तब माहौल गर्माया था। गोपाल शर्मा पर विशेषाधिकार आएगा तो राजाखेड़ा विधाायक के खिलाफ भी आना चाहिए। संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने भी इसी बात को आगे बढ़ाया। इस पर टीकाराम जूली ने कहा कि, दोनों अलग-अलग प्रकरण है, लेकिन सत्ता पक्ष का यह कहना गलत है कि, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव आएगा तो राजाखेड़ा के विधायक के खिलाफ भी आएगा। अगर आसन को राजाखेडा विधायक के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो करे, लेकिन उस प्रकरण को इस मुद्दे से नहीं जोड़े।

दोनों पक्षों को सुनने के बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने सदन की कार्यवाही के दौरान और स्थगित करने के बाद हुई घटनाओं के वीडियो रिकॉर्डिंग, उपलब्ध दस्तावेजों और अधिकारिक अभिलेखों का परीक्षण करने के बाद इस प्रकरण का फैसला किया जाएगा। देवनानी ने कहा कि सदन लोकतंत्र का सर्वोच्च मंच है और उसकी गरिमा बनाए रखना प्रत्येक सदस्य की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान हुई तथा उससे पूर्व हुई सभी घटनाओं की निष्पक्ष समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता अनुसार नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद विधानसभा में गतिरोध खत्म हो गया। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का भाषण शुरू हुआ। इसके बाद दिनभर चला गतिरोध टूटा।

दरअसल यह हंगामा उस वक्त हुआ, जब भाजपा विधायक बालमुकुंदाचार्य ने गाय को राज्यमाता का दर्जा देने और गौवंश तस्करी से जुड़ा सवाल पूछा था। जिसके जवाब में गोपालन मंत्री ने कहा कि गौ-हत्या रोकने कानून बना हुआ है। इसी दौरान कांग्रेस नेताओं ने जयपुर में हुई ''गौ-हत्या'' के प्रकरण को लेकर हंगामा किया और पोस्टर भी सदन में लहराए। नेता प्रतिपक्ष जूली ने कहा था कि, पिछले सप्ताह जयपुर में ही गौहत्या हुई। हिंगोनिया गौशाला से गाय का सिर काटकर लाए, बीजेपी नेता का उसमें नाम है, उसे बचाने की कोशिश हो रही है। सरकार उस पर क्या कार्रवाई करेगी? इस पर बीजेपी विधायक गोपाल शर्मा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि उसका गुनहगार खड़ा है। सदन में कांग्रेस विधायक पोस्टर लहराने लगे। जिस पर स्पीकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यहां पोस्टर दिखाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, आप प्लानिंग करके आए हो, मुझसे फिर सहयोग की उम्मीद मत करना।

### गोपाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी

**जयपुर ( विसं )।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने विधानसभा में आक्रोशित होने के बाद देर शाम सोशल मीडिया पर वीडियो जारी करके सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। वीडियो में विधायक शर्मा ने कहा कि ''आज प्रतिपक्ष के नेता ने मुझ को जिन घिनौने आरोपों में बांधकर संकेत किया, तो मैं सहन नहीं कर पाया और मैंने साबित करने की स्थिति में इस्तीफा दे देने तक की पेशकश की। ऐसा करते समय मैं सदन की मर्यादा भूल बैठा और उसके लिए मुझे आजीवन खेद रहेगा। इस बात को मैं पुरजोर शब्दों में दोहराना चाहता हूं कि, मैं भारत माता, हिंदुत्व, ब्राह्मण, गौ, गायत्री, गीता और धरती माता के लिए जीवन भर समर्पित हूं और अंतिम सांस तक समर्पित रहूंगा।''

# युवाओं के कौशल प्रशिक्षण पर रिव्यू मीटिंग 20 को

**जयपुर ( कासं )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज-उन्नति कार्यक्रम प्रदेश में कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का मजबूत मंच बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं के अनुरूप कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग की सख्त मॉनिटरिंग का नतीजा है कि 'डीडीयू-जीकेवाय', राजक्विक, सक्षम और समर्थ जैसी योजनाएं तेजी से धरातल पर उतर रही है। राज्य सरकार के संकल्प पत्र और बीते 2 वर्षों की बजट घोषणाओं के अनुरूप प्रदेश में नए आईआईटी केन्द्र खोलना तथा केन्द्र सरकार के निर्देशानुसार बीओसीडल्यू निधियों से श्रमिकों के कौशल विकास के लिए पचपदरा में ''सीआईपीईटी-सीएसटीएस'' सेंटर की स्थापना तथा ऊर्जा कौशल विकास परिसर की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल है। कौशल, रोजगार एवं उद्यमिता विभाग आगामी 20 फरवरी को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली रिव्यू मीटिंग में इन तमाम मुद्दों को लेकर अपना पक्ष रखेगा। उल्लेखनीय है कि भाजपा ने राजस्थान में चुनाव से पूर्व संकल्प पत्र में कहा था कि 100 आई.टी.आई. (इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग सेंटर) बनाए जाएंगे। राज्य सरकार ने बीते 2 वर्ष में 20 आईटीआई का प्रावधान बजट में किया था, परंतु अभी तक मात्र 1 बन पाया है।

# आदर्श क्रेडिट सोसायटी पर ईडी की कार्रवाई, 7.72 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच

**जयपुर ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जयपुर ने मेसर्स आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 7.72 करोड़ रुपए की चल-अचल संपत्तियां अटैच की हैं। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की गई है। ईडी ने इस प्रकरण में 139 व्यक्तियों और कंपनियों के खिलाफ स्पेशल कोर्ट (पीएमएलए) जयपुर में मामला दर्ज किया है। एलडी स्पेशल कोर्ट ने प्रकरण का संज्ञान ले लिया है।

इससे पहले स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने सोसायटी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। मुख्य आरोपी मुकेश मोदी और राहुल मोदी पर आरोप है कि उन्होंने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सोसायटी के निवेशकों और सदस्यों से करोड़ों रुपए एकत्र किए और बाद में इस राशि को आदर्श ग्रुप ऑफ कंपनीज तथा उससे जुड़ी फर्मों और निदेशकों के माध्यम से हड़प लिया।

# 'बहानों की बेडियों से खुद को बाहर निकाले, सफलता कदम चूमेगी'

## अर्जुन अवार्डी स्वीटी बूरा ने एस.के.आई.टी. कॉलेज के वार्षिकोत्सव तथा स्पोर्ट्स फेस्ट का उद्घाटन किया

**जयपुर** (कासं)। अपने बहानों को अपने लक्ष्य के मार्ग में मत आने दीजिए, सफलता किसी बहाने पर नहीं मिलती। ये कहना है साल 2023 की महिला वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियन-2023 अर्जुन अवार्डी स्वीटी बूरा का। वे सोमवार को स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एसकेआईटी) में सालाना एनुअल कल्चरल फेस्ट प्रवाह-2026 के उद्घाटन के सत्र में स्टूडेंट्स को संबोधित कर रही थी। छात्रों को उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों के बारे में बताया और कहा कि हमेशा कर्म पर विश्वास रखें और अपने जुनून को बरकरार रखे तो सफलता जरूर मिलेगी। इस अवसर पर समारोह के चीफ गेस्ट आरटीयू कोटा के वाइस चांसलर प्रो. निमित रंजन चौधरी भी उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो निमित रंजन चौधरी ने विद्यार्थियों को अपने सम्पूर्ण विकास पर केंद्रित रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद, तीन दिवसीय इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स फेस्ट 'आवेग-2026' का शुभारंभ हुआ। इस भव्य उद्घाटन समारोह में चेयरमैन सूरजाराम मील, वाइस चेयरमैन अनिल बाफना, डायरेक्टर जयपाल मील, डायरेक्टर अकादमिक प्रो. एस.एल. सुराना, रजिस्ट्रार रचना मील, डीन प्रो. आर.के. जैन, प्रिंसिपल रमेश कुमार पचार एवं प्रवाह कन्वीनर डॉ बी एल शर्मा उपस्थित रहे। प्रवाह के खेल महाकुम्भ में पूरे राज्य के 40 से अधिक कॉलेजों के स्टूडेंट्स हिस्सा ले रहे हैं। फेस्ट के पहले दिन बैडमिंटन,




शतरंज, कैरम, रस्साकशी, कबड्डी, लॉन टेनिस, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल और फुटबॉल सहित कई खेल स्पर्धाएँ आयोजित की गईं। स्पोर्ट्स फेस्ट का संचालन अजीत सिहाग,महेंद्र कुमार बेनीवाल, चंदन कुमार और अमृता भंडारी के नेतृत्व में किया जा रहा है।

### भाजपा में नहीं : उपाध्याय

**जयपुर** (कासं)। भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ब्रजकिशोर उपाध्याय ने पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान का पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री के बेटों को उपकृत किया जाता है, जिस प्रकार से अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को आरसीए का अध्यक्ष बनाया गया था, उसको राजस्थान की जनता भूली नहीं है। जिस प्रकार से कांग्रेस के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी की राजनीतिक हत्या की गई थी, आपसे ज़्यादा कौन जान सकता है। डूडी को कांग्रेस की सरकार में कैसे आरसीए से बाहर कर बेइज्जत करके भगाया गया था, उनको स्टेडियम में घुसने से रोकने के लिए पुलिस का सहारा लिया गया। इसकी कल्पना डोटासरा आपसे तो कतई नहीं की जा सकती है। उपाध्याय ने कहाकि डोटासरा ने कहा कि कभी आरसीए का संयोजक बिहानी बनता है, कभी कुमावत बनता है तो कभी खींवसर बनता है। मैं उनको कहना चाहता हूं कि भाजपा राज में भाजपा का कार्यकर्ता बनता है ना कि नेता पुत्र बनता है और ना ही मुख्यमंत्री का बेटा बनता है। मुख्यमंत्री भजन लाल के बेटे का नाम लेकर आप ओछी मानसिकता को प्रदर्शित कर रहे है। आरसीए में कौन अध्यक्ष होगा।


## बजट बहस के जवाब में की गई प्रमुख घोषणाएं....

- प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के लिए 690 करोड़ रु. खर्च होंगे
- एनएच 8 खोजावाला से वाया प्रतापपुरा होते हुए बिशनगढ़ लिंक रोड तक सड़क
- मनोहरपुर अस्पताल के सामने से शिकारपुर तक सड़क तथा खेल मैदान चंदलाई से देवकिशनपुरा तक सड़क निर्माण (चाकसू)-जयपुर
- झोटवाड़ा और सांगानेर क्षेत्र में विभिन्न सड़क, ड्रेनेज कार्य के लिए 15 करोड़ रुपये
- सांगानेर में शिकारपुरा रेलवे फाटक पर आरओबी का निर्माण होगा, विद्याधर नगर में पॉलिटेक्निक कॉलेज खुलेगा
- दिल्ली रोड सडवा से नाई की थड़ी होते हुए वाया सायपुरा रामगढ़-बांध तक (एसएच-55) सड़क चैड़ाईकरण व नवीनीकरण कार्य (जमवारामगढ़)
- 132 केवी जीएसएस का निर्माण सोनलपुरा-फलौदी व सांगानेर-जयपुर में
- राज्य में 13 नए 33/11 केवी जीएसएस का निर्माण
- विद्याधर नगर में स्थित पार्कों, मोक्षधामों के विकास, सीसी सड़क, फुटपाथ निर्माण के लिए 20 करोड़ रूपए।
- जयपुर में मोती डूंगरी गणेश मंदिर और खोले के हनुमानजी मंदिर के पास पार्किंग सुविधा होगी विकसित
- सिविल लाइन्स क्षेत्र में नाला निर्माण कार्य 20 करोड़ में होंगे
- कोटा-बूंदी में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के पास वृहद् औद्योगिक क्षेत्र होगा विकसित
- एमएसएमई तथा ओडीओपी योजना के आवेदन जिला उद्योग केन्द्रों के महाप्रबंधकों स्वीकृत कर सकेंगे।
- जोजरी व बांडी नदी में गिरने वाले ट्रीटेड पानी को पाइप लाइन से पचपदरा रिफाइनरी-बालोतरा तक पहुंचाने के कार्य के लिए बनेगी डीपीआर
- ट्रिपल आईटी कोटा को आईटी हब के रूप में विकसित करने के लिए बनेगी डीपीआर
- प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार के लिए चिकित्सा संस्थानों की स्थापना और पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत किया जाएगा। सांगानेर में नवीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोला जाएगा।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पीसांगन-अजमेर में नवीन मोर्चरी का निर्माण। जिला चिकित्सालय-अलवर में बेड क्षमता बढ़ाकर 750 की जाएगी।
- मेडिकल कॉलेज-कोटा में रोबोटिक हैण्ड फॉर प्रोस्टेटिक सर्जरी फॉर यूरोलॉजी की सुविधा होगी शुरू
- प्रदेश के सरकारी एवं निजी विद्यालयों के 75 हजार विद्यार्थियों के लिए आंखों की जांच कर चश्में भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

# एसओजी की दबिश में पांच डमी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**जयपुर ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक (द्वितीय श्रेणी) प्रतियोगी परीक्षा-2022 में डमी परीक्षार्थियों के जरिए चयन कराने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने बड़ी कार्रवाई की है। एसओजी की टीमों ने अंडमान-निकोबार, कोलकाता, जयपुर, कोटा और जालौर सहित छह स्थानों पर एक साथ दबिश देकर 5 डमी परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक संदिग्ध एमबीबीएस छात्र को हिरासत में लिया गया है। सभी गिरफ्तार आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित था। अतिरिक्त महानिदेशक ने बताया कि डमी परीक्षार्थियों में महेश कुमार बिश्नोई (एमबीबीएस छात्र, जयपुर), महिपाल बिश्नोई (एमबीबीएस छात्र, कोटा), सहीराम (एमबीबीएस छात्र, पोर्ट ब्लेयर), हनुमानाराम (राजकीय अध्यापक) व निवास कुराड़ा (राजकीय अध्यापक) शामिल हैं। एक अन्य संदिग्ध एमबीबीएस छात्र प्रिंस कोलकाता को हिरासत में लेकर जयपुर लाया जा रहा है।

# राजस्थान हाईकोर्ट में फिर से बम ब्लास्ट की धमकी



**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर और जोधपुर पीठ के परिसर में एक बार फिर बम ब्लास्ट की धमकी मिली है। हर बार की तरह इस बार भी हाईकोर्ट प्रशासन के ईमेल पर समान पैटर्न में धमकी भरा मेल भेजा गया है। मेल मिलने के बाद हाईकोर्ट प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस के उच्चाधिकारियों को दी और मुकदमों की सुनवाई एक घंटा बाद में शुरू करने का निर्णय लिया।

सूचना पर पुलिस के उच्चाधिकारी बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड के साथ हाईकोर्ट परिसर पहुंचे। सुरक्षा दस्तों की ओर से हाईकोर्ट की मुख्य बिल्डिंग की गहनता से जांच की गई। हालांकि इस दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

हाईकोर्ट चौकी प्रभारी सुमेर सिंह ने बताया कि बम की सूचना मिलते ही पुलिस के बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड की ओर से पूरे हाईकोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे की जांच की गई। वहीं हाईकोर्ट के मुख्य परिसर से न्यायिक कर्मचारियों, अधिवक्ताओं व पक्षकारों को बाहर निकाला गया। मौके पर किसी भी अनहोनी ने निपटने के लिए फायर बिग्रेड और एंबुलेंस तैनात की गई। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के पूर्व अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा का कहना है कि हाईकोर्ट परिसर में सुरक्षा के माकूल इंतजाम किए गए हैं, लेकिन यहां अब तक कई बार बम ब्लास्ट के मेल मिल चुके हैं। जांच एजेंसियां अभी तक यह तक मालूम नहीं कर पाई है कि मेल कहां से आया है। हर बार मेल मिलने के बाद मुकदमों की सुनवाई बीच में बंद कर दी जाती है और कोर्ट परिसर खाली करा लिया जाता है। जिससे एक और भय का माहौल पैदा हो गया है, वहीं मुकदमों की सुनवाई भी प्रभावित होती है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट प्रशासन को सबसे पहले गत वर्ष 31 अक्टूबर को बम विस्फोट की पहली धमकी मिली थी। इसके बाद 5 दिसंबर को दूसरी धमकी दी गई। वहीं 8 दिसंबर से लगातार चार दिनों तक बम ब्लास्ट को लेकर हाईकोर्ट प्रशासन को मेल भेजे गए। इसके बाद गत छह फरवरी को ब्लास्ट की धमकी दी गई।

# कछुआ बेचने के नाम पर 4.20 लाख की ठगी, एक आरोपी गिरफ्तार

## फरार चल रहे आरोपी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था

**पाटन, (निसं)।** पाटन पुलिस ने कछुआ बेचने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार चल रहे पांच हजार रुपये के इनामी आरोपी मामराज बावरिया को गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था।

थानाधिकारी रमेश चंद मीणा ने बताया कि यह मामला 12 मार्च 2021 को किशोरी लाल पुत्र रामचंद्र निवासी कांक्कड़ का तिबारा, दरीबा की रिपोर्ट पर दर्ज किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार मनोज कुमार और दिनेश कुमार रैगर को कृष्ण कुमार बावरिया ने बिजली फिटिंग के कार्य के बहाने अपने घर बुलाया था। कार्य के दौरान दोनों की कृष्ण बावरिया से जान-पहचान हो गई। कृष्ण ने उन्हें कम समय में अधिक मुनाफा कमाने का लालच दिया तथा अपनी बोलेरो,

- **आरोपी मौज-मस्ती और महंगी गाड़ियां रखने के शौक को पूरा करने के लिए लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे, पुलिस अब आरोपी से अन्य संभावित वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है**

ब्रेजा और ट्रैक्टर जैसी लग्जरी गाड़ियां दिखाकर प्रभावित किया। इसके बाद 3 अप्रैल 2021 को कृष्ण बावरिया ने मनोज को फोन कर दौसा की एक पार्टी के पास कछुए होने की बात कही। उसने मनोज और दिनेश को पावटा बुलाकर कछुए सस्ते में खरीदकर महंगे दामों में बेचने का झांसा दिया।

इस प्रलोभन में आकर दोनों से चार लाख बीस हजार रुपये ठग लिए गए। धोखाधड़ी का मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पूर्व में आरोपी कृष्ण बावरिया और धोलुराम बावरिया को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है, जबकि मामराज बावरिया घटना के बाद से फरार था। सीकर पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी। साइबर सेल की सहायता से कॉल डिटेल खंगालकर आरोपी की लोकेशन ट्रेस की गई, जिसके आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी मौज-मस्ती और महंगी गाड़ियां रखने के शौक को पूरा करने के लिए लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। पुलिस अब आरोपी से अन्य संभावित वारदातों के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

### चाकू मारने वाले आरोपी पुलिस गिरफ्त से दूर

**अलवर, (निसं)।** थाना उद्योग नगर में 12 फरवरी को लड़ाई-झगड़े में चाकू छुरे चले। रिपोर्ट भी दर्ज हुई, लेकिन पुलिस ने आज तक एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जिसमें मोहन जाट उर्फ मोरा लालपुरी, सत्येंद्र कुमार जाट अशोक लीलैंड हेड गार्डस राजू जाट डूमेड़ा, बीरू कुमार जाट डूमेड़ा, इसमें से एक-दो पर पहले से ही लड़ाई, झगड़ा, मारपीट और फिरौती मांगने के मुकदमे दर्ज हैं। जानकारी के अनुसार 12 फरवरी को शाम को राठी मार्केट में कालू की होटल के सामने किसी बात को लेकर लेकर झगड़ा हो गया था, जिसमें इन लोगों ने चाकूओं से तीन-चार लोगों को घायल कर दिया था। घायल व्यक्ति अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। सत्येंद्र जाट जो कि अशोक लीलैंड में गार्डों का पीएसओ है। यही व्यक्ति इन सबको संरक्षण देता है और दहशत फैलाने के लिए गार्डों को लेकर साथ में घूमता है। आरोपियों के आजाद घूमने के कारण पीड़ित पक्ष को जान माल का भय है। वहीं पुलिस अभी तक इन पर कोई कार्रवाई नहीं कर पाई है।

# औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के नाम पर खेजड़ी वृक्ष काटना जारी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के नजदीक बोरानाडा-सालावास में रिको औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार के नाम पर खेजड़ी सहित राजस्थानी वृक्षों की अवैध कटाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्टरी मालिक पेड़ काटकर उन्हें मिट्टी में दफन कर रहे हैं, जिससे किसी को भनक न लगे। बोरानाडा-सालावास के ग्रामीणों ने लूणी एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर तत्काल जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में ग्रामीण श्रवण चौधरी ने बताया कि रिको को आवंटित भूमि पर बिना मंजूरी के खेजड़ी की अंधाधुंध कटाई हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मरुस्थलीय क्षेत्र की जीवनरेखा है, जो पर्यावरण संतुलन, पशु चारा, छाया और मिट्टी की उर्वरता बनाए रखती है।

ग्रामीणों ने कहा कि हाल ही के दिनों में पेड़ों की कटाई तेज हो गई है। उन्होंने एसडीएम से अपील की कि मौके पर जांच कराई जाए और जिम्मेदारों पर वन संरक्षण अधिनियम

- **बोरानाडा-सालावास के ग्रामीणों ने लूणी एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की**

के तहत कड़ी कार्रवाई हो। फिलहाल एसडीएम ने ज्ञापन लेने के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### जैसलमेर में ओरण-गोचर की जमीन बचाने की मांग

**जैसलमेर, (नि.सं.)।** जैसलमेर में ओरण और गोचर भूमि को सोलर कंपनियों के आवंटन से बचाने की मांग को लेकर मंगलवार को जिला मुख्यालय पर बड़ा विरोध देखने को मिला। कलैक्ट्रेट से करीब सौ मीटर दूर वीर आलाजी मंदिर परिसर में हजारों ग्रामीण, पशुपालक और महिलाएं एकत्र हुए। लोगों ने सरकार से जिले की करीब 20 लाख बीघा ओरण और गोचर भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने की मांग की और जिला कलैक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीण इलाकों से भारी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही।

महापड़ाव में आध्यात्मिक और सामाजिक नेतृत्व का अनूठा संगम देखने को मिला। पोकरण विधायक महंत प्रताप पुरी और संत समाज की मौजूदगी ने इस लड़ाई को और मजबूती दी। जिले भर के विभिन्न गांवों से आए पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में कहा कि जिसे सरकार राजकीय बंजर मानकर कंपनियों को सौंप रही है, वह वास्तव में हजारों मवेशियों का चरागाह और प्राचीन जल स्त्रोतों का केंद्र है।

इस मौके पर पोकरण विधायक महंत प्रताप पूरी ने सबको सरकार की तरफ से आश्वस्त भी किया कि सरकार इस मामले को लेकर काफी गंभीर है और बहुत जल्द ओरण की जमीनों को सरकारी रेकॉर्ड में ओरण के नाम से दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

# लावारिस बच्ची को ट्रेन में सुरक्षित रेस्क्यू किया

**जोधपुर, (कासं)।** रानीखेत एक्सप्रेस में सोमवार रात मानवता की एक प्रेरक तस्वीर सामने आई। ड्यूटी पर तैनात टीटीई मनोज सिंह सोलंकी ने जनरल कोच में अकेली और डरी-सहमी बैठी करीब सात वर्षीय लावारिस बच्ची को देखकर तुरंत संवेदनशीलता दिखाई और उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया।

काठगोदाम-जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस में सोमवार रात जोधपुर से जैसलमेर के बीच टीटीई मनोज सिंह सोलंकी ड्यूटी पर थे। जब वे जनरल कोच में टिकटों की जांच कर रहे थे,

- **बच्ची के परिजनों की तलाश जारी**

तब उनकी नजर करीब सात वर्षीय एक अबोध बालिका पर पड़ी। वह कोच में बिल्कुल अकेली और बेहद डरी हुई हालत में बैठी थी। टीटीई सोलंकी ने तुरंत मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए बच्ची के पास जाकर उससे पूछताछ की। काफी प्रयास के बाद जब यह स्पष्ट हो गया कि ट्रेन में उसके साथ कोई अभिभावक मौजूद नहीं है और वह पोकरण रेलवे स्टेशन के पास से लावारिस स्थिति में सफर कर रही है, तो सोलंकी ने मामले की गंभीरता को समझा। उन्होंने बिना देरी किए चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क कर पूरी स्थिति से अवगत कराया। ट्रेन के जैसलमेर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर टीटीई सोलंकी ने बच्ची को सुरक्षित रूप से चाइल्ड हेल्पलाइन टीम को सौंप दिया। रेलवे प्रशासन और चाइल्ड हेल्पलाइन अब बालिका के परिजनों की तलाश में जुटे हैं, ताकि उसका सुरक्षित पुनर्वास सुनिश्चित किया जा सके।

# ऑनलाइन आवेदन विथड्रॉ करने का अंतिम अवसर 28 फरवरी तक

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग ने कारखाना एवं बायलर्स निरीक्षण विभाग भर्ती-2025 में आवेदन करने वाले ऐसे अभ्यर्थी जिनके पास विज्ञापन में निर्धारित अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता और अनुभव नहीं है को ऑनलाइन आवेदन 28 फरवरी तक विथड्रॉ करने का अंतिम अवसर दिया गया है। ऐसा न करने पर अपात्र पाए गए अभ्यर्थियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

आयोग द्वारा की गई रैंडम जांच में सामने आया है कि कई अभ्यर्थियों ने आवश्यक योग्यता और अनुभव न होने के बावजूद आवेदन कर दिया है। आयोग

- **योग्यता नहीं तो वापस लें आवेदन, वरना 3 साल के लिए होंगे डिबार.**

द्वारा जारी की गई सूची से यह स्पष्ट होता है कि बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों ने भी आवेदन किया है जिनके पास केवल बीए, बीकॉम तथा बीएससी जैसी डिग्रियाँ हैं, जबकि संबंधित पदों के लिए इंजीनियरिंग की विशिष्ट डिग्री अनिवार्य हैं। गलत सूचना के आधार पर आवेदन करना और पात्रता न होने पर भी आवेदन वापस न लेना दंडनीय अपराध है। यदि काउंसलिंग या इंटरव्यू के दौरान अभ्यर्थी अपात्र पाया जाता है, तो उसका आवेदन निरस्त करने के साथ-साथ उसे आगामी 3 वर्षों के लिए भर्ती परीक्षाओं से डिबार कर दिया जाएगा।

आयोग ने पहले 3 से 18 फरवरी तक आवेदन वापस लेने का लिंक खोला था, लेकिन कई संदिग्ध अभ्यर्थियों द्वारा अभी तक आवेदन वापस नहीं लिये गये हैं। ऐसे अभ्यर्थियों को पुनः अवसर प्रदान करते हुए अब इसकी अंतिम तिथि बढ़ाकर 28 फरवरी 2026 कर दी गई है। आवेदन वापस लेने की प्रक्रिया संबंधी फ्लो चार्ट आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# नाबालिग का होने वाला बाल विवाह रुकवाया

**बूंदी, (निसं)।** जागरूक नागरिक की सूचना पर बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा पोद्दार के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने एक बाल विवाह को सफलतापूर्वक रोक दिया। जिला समन्वयक रामनारायण, काउंसलर मनजीत कौर, बुद्धिप्रकाश सेन एवं पिंकी राठौर ने मौके पर पहुंचकर बसोली थाना क्षेत्र में प्रस्तावित बाल विवाह को रुकवाया। प्श्रीजी सर्वधर्म सेवा संस्थान डिग्गी मालपुरा में 19 फरवरी को सर्वधर्म सम्मेलन का आयोजन प्रस्तावित था, जिसमें एक 17 वर्षीय बालिका का विवाह किया जाना तय था। बालिका के नाबालिग होने की

- **19 फरवरी को सर्वधर्म सम्मेलन में 17 वर्षीय बालिका का विवाह किया जाना तय था**

पुष्टि होने पर बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार उसे अस्थाई आश्रय गृह में सुरक्षित रूप से रखा गया है। इसके अतिरिक्त, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं विधिक सेवा प्राधिकरण तालुका के सहयोग से हिंडोली थाना क्षेत्र में निषेधात्मक जारी करवाना भी सुनिश्चित किया जा रहा है।

# भीलवाड़ा में एक किलो अफीम के साथ जोधपुर का तस्कर गिरफ्तार

## मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 16 लाख की नकदी बरामद की

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस थाना सुभाषनगर और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रोडवेज बस स्टैंड परिसर से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 1 किलो 43 ग्राम अवैध अफीम और मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 16 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा जिले में आपराधिक गतिविधियों और नशा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) पारसमल जैन व पुलिस उप अधीक्षक वृत सदर माधव उपाध्याय के निकटतम सुपरविजन में थाना प्रभारी प्रभाती लाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। पुलिस को 16 फरवरी को पुख्ता सूचना मिली कि रोडवेज बस स्टैंड परिसर में एक व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ के साथ मौजूद है। टीम और सुभाषनगर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर संदिग्ध व्यक्ति की घेराबंदी की। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम देराम राम चौधरी (69), निवासी जाखड़ों की ढाणी, नारवा जोधपुर बताया। जब पुलिस ने आरोपी के बैग की तलाशी ली, तो उसमें से 1 किलो 43 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। इसके अलावा बैग में 16 लाख रुपये की नकदी भी मिली। पुलिस के अनुसार यह राशि अफीम की खरीद-फरोख्त के लिए परिवहन की जा रही थी। आरोपी के पास मादक पदार्थ परिवहन से संबंधित कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं पाया गया। इस पर पुलिस ने अफीम और नकदी को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह खेप कहाँ से लाई गई थी और भीलवाड़ा में किसे सप्लाई की जानी थी।

### स्मैक व स्कूटी सहित एक आरोपी को पकड़ा

**छबड़ा, (निसं)।** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.43 ग्राम स्मैक व इसमें प्रयुक्त स्कूटी को जब्त कर लिया है।

सीआई राजेश खटाना के अनुसार गश्ती दल ईदगाह चौराहा के निकट छबड़ा-छीपाबड़ौद रोड पर नाकाबन्दी कर आने जाने वाले वाहनों को चेक कर रहा था की एक स्कूटी चालक छीपाबड़ौद की तरफ से आ रहा था जो पुलिस जाप्ता को देखकर एकदम से रोड के दांयी तरफ जाने लगा, जिसके आगे तारबन्दी हो रखी थी।

सन्देह होने पर उक्त व्यक्ति को डिटेन किया व उससे उसके नाम पता पूछा तो उक्त व्यक्ति ने घबराई हुई स्थिति में अपना नाम हेमराज मीणा (32) पुत्र मोहनराम निवासी गुराडी थाना छीपाबड़ौद हाल प्रताप नगर छबड़ा का होना बताया। जिससे इस प्रकार एकदम से घूमकर जाने का कारण पूछा तो कोई संतोषप्रद जबाब नहीं दिया। डिटेनशुदा हेमराज की तलाशी ली गई तो शर्ट के ऊपर की बांयी जेब से अवैध मादक पदार्थ स्मैक मिली। आरोपी को मौके पर से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 3.43 ग्राम स्मेक को जब्त किया गया। प्रकरण में पुलिस द्वारा अग्रिम अनुसंधान कर प्रकरण की गहनता से जांच कर इस मामले में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

### बकाया वसूली अभियान के तहत कार्रवाई की

**छबड़ा, (निसं)।** सहायक अभियंता सतर्कता बारां, विधुत विभाग छबड़ा और स्थानीय पुलिस बापचा की संयुक्त टीम ने बकाया वसूली अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन गांव से 6 लाख से अधिक की बकाया राशि के 3 ट्रांसफार्मर उठाये तथा 14 ट्रांसफार्मर अवैध जब्त किए हैं।

सहायक अभियंता जयेन्द्र सिंह झाला ने बताया कि सहायक अभियंता सतर्कता बारां, कनिष्ठ अभियंता छबड़ा, कडैया और उनके नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम और स्थानीय पुलिस थाना बापचा ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए क्षेत्र से थ्री फ़ेस के 2 तथा सिंगल फेज के 1 ट्रांसफार्मर उठाए जिनमें गोड़ियाचरण से 3.81 लाख पर थ्री फेज के 2, उचावद से 1.91 लाख पर सिंगल फेज के 1 तथा मोतीपुरा से 2.30 लाख पर बकाया पर रखे ट्रांसफार्मर को जब्त करने के दौरान हुए विवाद के कारण ट्रांसफार्मर को खुर्द-बुर्द किया।

साथ ही मौके पर गोदियामेहर से सिंगल फेज के 10, ढीमरपुरा से सिंगल फेज से 2, रारोन से सिंगल फेज से एक और मोतीपुरा से थ्री फेज का 1, कुल 14 ट्रांसफार्मर अवैध जब्त किए। उन्होंने बताया कि कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# बहू ने ससुराल वालों पर पति की हत्या का आरोप लगाया

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** बहू ने ससुराल वालों पर पति की हत्या का आरोप लगाया है। आरोप है कि सास, ननद-ननदोई, जेठ और जेठानी ने उसके पति को खाने में जहर देकर मार डाला। इसके बाद जल्दबाजी में शव दफनाने की कोशिश की।

पत्नी का आरोप है कि उसने पति का शव देखा था। उसका चेहरा नीला पड़ गया था। पत्नी की रिपोर्ट पर जवाहर नगर थाना पुलिस ने 5 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एडीजे कोर्ट संख्या-1 में दी शिकायत में प्रियंका बिश्नोई (38) निवासी एसएसबी रोड़, श्रीगंगानगर ने बताया कि उसका पति दलीप बिश्नोई एसएसबी रोड गली नंबर 6-7 में अलग मकान में रहता था। 18 दिसंबर 2024 को सास राममूर्ति, ननद

- **प्रॉपर्टी विवाद में जहर देकर मारने का आरोप, कोर्ट से मामला दर्ज**

बिंदू पत्नी विजयपाल, ननदोई विजयपाल सहारण, जेठ प्रेम कुमार और जेठानी माया ने मिलकर प्रॉपर्टी विवाद के कारण षड्यंत्र रचते हुए दलीप को मार डाला। आरोप है कि आरोपियों ने खाने में जहर या कोई केमिकल मिलाकर दे दिया। रिपोर्ट में बताया कि घटना के 24 घंटे तक परिवार को कोई सूचना नहीं दी गई। दूसरे दिन बिश्नोई रीति-रिवाज के अनुसार दफनाने की तैयारी हो रही थी, तब समाज और रिश्तेदारों के दबाव पर प्रियंका और बच्चों को बुलाया गया। प्रियंका ने जब पति का चेहरा देखा तो वह नीला पड़ गया था, गले और सिर पर चोट के निशान साफ दिख रहे थे। उस समय डर के मारे वह कुछ बोल नहीं पाई। शिकायत में बताया कि उसके पति की 2021 में भी प्रॉपर्टी को लेकर मारपीट हुई थी, जिसका मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपियों ने पोस्टमार्टम करवाए बिना शव दफना दिया और प्रियंका को धमकी दी कि यदि कोई शिकायत की तो उसके साथ भी वैसा ही हाल किया जाएगा, जैसा दलीप के साथ किया। पुलिस ने राममूर्ति, बिंदू, विजयपाल सहारण, जगदीश सहारण, प्रेम कुमार और माया के खिलाफ मामला दर्ज कर जान शुरू कर दी है। मामले की जांच थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह राठौड़ कर रहे हैं।

### मंदिर के दानपात्र तोड़कर नगदी चुराई

**खिरोड़, (निसं)।** कस्बे में सीकर रोड पर स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में सोमवार रात्रि महाशिवरात्रि के दिन अज्ञात चोरों ने मंदिर में रखें तीन दान पात्र चुराकर ले गए।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक अज्ञात चोरों द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर में रखे श्रीजी जानकीनाथ गौशाला के दो दान पात्र एवं एक मंदिर का दान पत्र जो चुराकर ले गए और पहाड़ी की खान में दानपात्रों को तोड़कर उन में रखी हजारों रूपयों की नगदी राशि चुरा कर ले गए। गौशाला व्यवस्थापक रतनलाल शर्मा एवं मंदिर पुजारी की सूचना पर गोठड़ा थाना पुलिस ने श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंचकर चोरी की घटना का मौका मुआयना करके घटना को लेकर जांच शुरू कर दी है।

# बेटी से मिलने आए पिता की मौत, दो घायल

**गुढ़ागौड़जी, (निसं)।** कस्बे की भैरु कॉलोनी में सोमवार को एक हृदयविदारक हादसा सामने आया। जब एक उग्र मवेशी (सांड) के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए।

मृतक की पहचान लालाराम के रूप में हुई है, जो पंजाब के लुधियाना निवासी थे और अपनी बेटी से मिलने गुढ़ागौड़जी आए हुए थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाजार क्षेत्र में अचानक एक मवेशी (सांड) बेकाबू हो गया और राहगीरों की ओर दौड़ने लगा। इसी दौरान बेटी के घर के बाहर खड़े लालाराम को सांड ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल लालाराम को आसपास मौजूद लोगों ने मवेशी (सांड) को भगाकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना में दो अन्य लोग भी घायल बताए गए हैं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि कस्बे में लंबे समय से आवारा सांडों का आतंक बना हुआ है और इससे पहले भी कई लोग घायल हो चुके हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हादसे के बाद परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं स्थानीय किसान भाइयों और युवा गौरक्षकों ने प्रशासन व जिलेभर के गौसेवकों को सूचना देकर मौके पर बुलाया।

# अजमेर मेयो गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं आनासागर झील का भ्रमण किया

## फील्ड आधारित बर्डवॉचिंग सत्र से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण की चेतना बढ़ी

**अजमेर, (कासं)।** पर्यावरण संरक्षण की सुदृढ़ नींव विद्यार्थी जीवन से ही रखी जानी चाहिए। इसी उद्देश्य से अजमेर स्थित आनासागर झील पर मेयो गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं के लिए एक फील्ड आधारित बर्डवॉचिंग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वय महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा अपने आउटरीच एवं अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को पक्षियों की वैज्ञानिक पहचान की विधियों, उनकी पारिस्थितिक भूमिका तथा जैवविविधता संरक्षण के महत्व से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना था। सत्र के दौरान विभाग के प्राध्यापकों, विशेषज्ञों एवं शोधार्थियों ने दूरबीन और फील्ड गाइड की सहायता से छात्राओं को स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की पहचान, उनके व्यवहार के अध्ययन तथा गणना पद्धतियों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रातःकालीन अवलोकन में ग्रेट व्हाइट पेलिकन विशेष



अजमेर स्थित आनासागर झील पर मेयो गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने बर्डवॉचिंग की।

आकर्षण का केंद्र रहा। इसके अतिरिक्त ब्लैक-हेडेड गल के झुंड, इंडियन स्पॉट-बिल्ड डक, तटबंध पर पंख सुखाते हुए ग्रेट कॉर्मोरेंट तथा खुले जल क्षेत्र में भोजन खोजती कॉमन कूट भी देखी गई। इन प्रजातियों की उपस्थिति ने झील की पारिस्थितिक समृद्धि और प्रवासी पक्षियों के लिए इसकी उपयोगिता को स्पष्ट रूप से रेखांकित किया।

कार्यक्रम में मेयो गर्ल्स कॉलेज की ओर से डॉ. मंजरी गर्ग, डॉ. शिल्पी वत्स, रैना शर्मा, ऋचा शर्मा, रक्षिता शर्मा, अजय प्रसाद एवं अरुण सिंह उपस्थित रहे। वहीं विश्वविद्यालय की ओर से जैव विविधता विशेषज्ञों में प्रो. प्रवीण माथुर, डॉ. विवेक शर्मा, दिवाकर यादव, रौनक चौधरी, पवन सिंह, आयुषी मीणा एवं रूबी मलिक ने छात्राओं को पक्षियों की

- **छात्राओं को स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों की पहचान, उनके व्यवहार के अध्ययन तथा गणना पद्धतियों की जानकारी दी**

पहचान और उनके पारिस्थितिक महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया।

पर्यावरण विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. सुब्रतो दत्ता ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रकृति से प्रत्यक्ष रूप से जोड़ना संरक्षण की दिशा में सबसे प्रभावी कदम है। जब विद्यार्थी स्वयं पक्षियों और पारिस्थितिक तंत्रों का अवलोकन करते हैं, तब उनमें पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी स्वतः विकसित होती है। उन्होंने बताया कि विभाग अपने आउटरीच कार्यक्रमों के माध्यम से शहर के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में जैवविविधता संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# एसपी ने बगड़ थाने का निरीक्षण कर कमियों को दुरस्त करने के निर्देश दिये

**झुंझुनूं, (निसं)।** एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने मंगलवार को पुलिस थाना बगड़ का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने थाना परिसर, एचएम कार्यालय, मालखाना, महिला डेस्क, बैरिक, हवालात, मैस आदि का निरीक्षण किया तथा रिकॉर्ड देखा। वहीं कमियों को दुरस्त करने, थाने में सभी कार्य कुशलतापूर्वक किए जाने, अधिकारी-कार्मिकों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने एवं अनुशासन बनाए रखने के संबंध में थानाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने थाना स्तर पर अपराध की स्थिति की समीक्षा की जाकर अपराध पर अंकुश लगाने तथा लंबित मामलों की शीघ्र जांच पूर्ण करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर भी विशेष ध्यान देने पर जोर दिया गया एवं ऐसे अपराधों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाए जाने और पीड़ितों को त्वरित सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि बदमाशों, असामाजिक तत्वों एवं किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार जैसे नशीले पदार्थ, जुआ, सट्टा, आबकारी, आर्म्स के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते रहें। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भी उपायों पर चर्चा की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान चल रहे अभियानों की प्रगति की समीक्षा करने तथा पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की प्रगति की समीक्षा की जाकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान ग्रामीण डीएसपी हरिसिंह धायल, थानाधिकारी प्रशिक्षु आरपीएस अंबिका चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।



मैंने सरलता से खेला और पाकिस्तान के खिलाफ मैच को एक सामान्य मैच की तरह लिया, गेंद पर नजर रखी और विकेट और लक्ष्य का आकलन करने के बाद ही अपने शॉट खेले।

- ईशान किशन

भारतीय बल्लेबाज, पाकिस्तान के खिलाफ अपनी बल्लेबाजी को लेकर बोलते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी



### प्रमोद भगत

14 फरवरी डोपिंग से जुड़े नियमों के उल्लंघन के कारण 2024 में पेरिस पैरालंपिक खेलों में नहीं खेल पाने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत ने हाल में विश्व खिताब जीतकर अपने करियर को नहीं दिशा दी है और उनकी निगाह अब एशियाई खेलों और 2028 में लॉस एंजिलिस में होने वाले पैरालंपिक खेलों पर टिकी है। विश्व बैडमिंटन महासंघ के डोपिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए 18 महीने के प्रतिबंध के बाद वापसी करते हुए भगत ने पैरा विश्व चैंपियनशिप में एसएल-3 श्रेणी में अपना छठा एकल स्वर्ण पदक जीतकर खुद को साबित किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी20 वर्ल्ड कप (2007-2026): भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक हुए 9 मुकाबलों में से भारत ने 8 जीते हैं, जबकि पाकिस्तान ने केवल 1 (2021) जीता है।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP

## आज के मैच

दक्षिण अफ्रीका व यूएई के बीच सुबह 11 बजे

पाकिस्तान व नामीबिया के बीच दोपहर 3 बजे

भारत व नीदरलैंड के बीच शाम 7 बजे

## न्यूजीलैंड टी-20 वर्ल्डकप के सुपर-8 में पहुंचा, कनाडा को 8 विकेट से हराया

### युवराज सिंह समरा का ऐतिहासिक शतक



चेन्नई, 17 फरवरी। न्यूजीलैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 31वें मुकाबले में कनाडा को 8 विकेट से हराकर सुपर-8 में जगह पक्की कर ली। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस मैच में कनाडा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी और 20 ओवर में 4 विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम ने 15.1 ओवर में सिर्फ 2 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया।

174 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स और रचिन रवींद्र ने अर्धशतक लगाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए नाबाद 146 रन की साझेदारी हुई। फिलिप्स ने 36 बॉल पर नाबाद 76 रन बनाए। उन्होंने 3 कैच भी लिए। फिलिप्स को इस प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, रचिन ने 39 बॉल पर नॉटआउट 59 रन की पारी खेली। कनाडा के लिए साद बिन जफर और दिलोन हेलिगर को 1-1 विकेट मिला।

मंगलवार को चेन्नई में खेले गए मुकाबले ने टी20 विश्व कप 2026 में एक नई कहानी लिख दी। कनाडा के युवा बल्लेबाज युवराज सिंह समरा ने अपने नाम के अनुरूप ऐसा प्रदर्शन किया कि क्रिकेट जगत हैरान रह गया। टी20 विश्व कप 2026 के ग्रुप डी मुकाबले में कनाडा क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 173 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। यह मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया।

कनाडा की पारी की रीढ़ बने 19 वर्षीय ओपनर युवराज सिंह समरा, जिनका नाम भारतीय दिग्गज युवराज सिंह के नाम पर रखा गया है। गौरतलब है कि समरा ने महज 58 गेंदों में शतक जड़ते हुए 110 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और छह छक्के शामिल रहे। यह पारी न केवल कनाडा की दूसरी सबसे बड़ी टीम स्कोर में अहम रही, बल्कि टी20 विश्व कप इतिहास में किसी एसोसिएट देश के बल्लेबाज का पहला शतक भी बनी।



## नेपाल ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से हराया

मुंबई, 17 फरवरी। नेपाल ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में नेपाल ने ग्रुप सी के इस मैच का टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम ने वर्ल्डकप में पहली बार टॉस जीता। स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 170 रन बनाए। जवाबी पारी में नेपाल ने 19.2 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 23 बॉल पर 50 रन की नाबाद पारी खेली। ओपनर कुशल भुर्तेल ने 43 रन बनाए। माइकल लीस्क को 3 विकेट मिले। स्कॉटलैंड की ओर से ओपनर माइकल जोन्स (71 रन) ने फिफ्टी लगाई। जॉर्ज मुन्से ने 27 और ब्रैंडन मैकमुलेन ने 25 रन बनाए। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके।



## ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्डकप से बाहर, जिम्बाब्वे सुपर-8 में

### जिम्बाब्वे-आयरलैंड मैच बारिश से रद्द

कैंडी, 17 फरवरी। 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लीग राउंड से ही बाहर हो गई है। मंगलवार को जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसी के साथ जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गई है। एक दिन पहले कंगारू श्रीलंका के खिलाफ 8 विकेट से हार गए थे। उन्हें 13 फरवरी को जिम्बाब्वे ने 23 रन से हराया था। अब ऑस्ट्रेलिया को 20 फरवरी को ओमान से खेलना है। इसे जीतकर भी मिचेल मार्श की टीम अगले दौर में नहीं पहुंच सकेगी। ऑस्ट्रेलियन टीम इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर हुई है। इससे पहले 2009 में टीम रिकी पोंटिंग की कप्तानी में लीग राउंड से बाहर हो गई थी।

## एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 17 फरवरी। अंडर 12 पिंकसिटी कप मैं एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते



हुए 40 ओवर में 252 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाएं। सोहल ने 86 और केतन ने 79 रनों का योगदान दिया। कैंडलविक क्रिकेट अकादमी की ओर से धनंजय जांगिड़ ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैंडलविक क्रिकेट अकादमी 40 ओवर में 208 रन 7 विकेट के नुकसान पर बना सकी। प्रणव कुमार ने 104 और विधान ने 38 रनों का योगदान दिया ! एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी की ओर से सोहेल ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच सोहेल को चुना गया।

## आईपीएल मैचों की प्रस्तावित मीटिंग हुई रद्द

जयपुर, 17 फरवरी। एसएमएस स्टेडियम में मुख्य सचिव, बीसीसीआई सचिव, राजस्थान रॉयल्स पदाधिकारी और स्पोर्ट्स काउंसिल अध्यक्ष नीरज के. पवन की मंगलवार को बैठक प्रस्तावित थी। यह मीटिंग भी अंतिम समय में रद्द कर दी गई। जबकि आईपीएल शुरू होने में अब ज्यादा समय नहीं बचा है। ऐसे में मैच आयोजन की तैयारियों के लिए समय लगातार कम होता जा रहा है। राजस्थान रॉयल्स प्रबंधन जयपुर में आईपीएल मैच कराने के पक्ष में नहीं है। पिछले सीजन के अनुभव, राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की आंतरिक राजनीति और स्टेडियम की मौजूदा स्थिति को लेकर कराए गए सीक्रेट सर्वे की रिपोर्ट भी संतोषजनक नहीं बताई जा रही है। ऐसे में जयपुर से मैच शिफ्ट होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में इंडियन आईपीएल मुकाबलों के आयोजन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बीसीसीआई और राजस्थान रॉयल्स के पदाधिकारियों का मंगलवार को स्टेडियम दौरा प्रस्तावित था। आखिरी समय में इसे रद्द कर दिया गया। इसके बाद जयपुर में आईपीएल मैचों के आयोजन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

## रणजी ट्रॉफी में मो. शमी की घातक वापसी

### आठ विकेट लेकर टीम इंडिया के लिए ठोका मजबूत दावा



नई दिल्ली, 17 फरवरी। घरेलू क्रिकेट के मौजूदा सत्र में मोहम्मद शमी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि अनुभव और कौशल का कोई विकल्प नहीं होता। रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में बंगाल के लिए खेलते हुए उन्होंने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ कालयाणी में आठ विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। रणजी ट्रॉफी के इस अहम मुकाबले में शमी ने बंगाल क्रिकेट ग्राउंड पर शानदार गेंदबाजी करते हुए जम्मू-कश्मीर की बल्लेबाजी क्रम को तहस-नहस कर दिया। पहली पारी के 59वें ओवर में विकेटकीपर-बल्लेबाज कनहैया वाधवन को कैच आउट कर उन्होंने अपना पांचवां विकेट पूरा किया और साथियों के साथ जोरदार जश्न मनाया। पूरे मैच में उनके आठ विकेट इस बात का संकेत हैं कि वह लगातार लय में लौट रहे हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, 35 वर्षीय तेज गेंदबाज ने इस सत्र में अब तक सात मैचों में 38 विकेट हासिल किए हैं, जिसमें तीन बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। इससे पहले सर्विसेज के खिलाफ उन्होंने दूसरी पारी में 5/51 का प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। ऐसे समय में जब भारतीय तेज आक्रमण की गहराई को लेकर चर्चा जारी है, शमी का यह प्रदर्शन महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

गौरतलब है कि हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला और आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 की टीम में शमी को जगह नहीं मिली थी। चोट के कारण हरषित राणा के बाहर होने पर मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया। इसके अलावा उनका बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध भी समाप्त हो चुका है। भारत के लिए उनकी आखिरी उपस्थिति 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में रही थी।

शमी ने सीमित ओवरों के घरेलू टूर्नामेंट में भी प्रभाव छोड़ा है। विजय हजारे ट्रॉफी में सात मैचों में 15 विकेट लेकर उन्होंने यह दिखाया कि वह सिर्फ लाल गेंद ही नहीं, सफेद गेंद से भी असरदार साबित हो सकते हैं।

## इमरान के लिए गावस्कर-कपिल भी आए साथ

नई दिल्ली, 17 फरवरी। पांच टेस्ट खेलने वाले देशों के चौदह पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से पूर्व प्रधानमंत्री और विश्व कप विजेता कप्तान इमरान खान के स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंताओं के मद्देनजर, जेल में बेहतर व्यवहार और चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करने की अपील की है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल द्वारा तैयार की गई यह याचिका मंगलवार दोपहर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सौंपी गई। इस पत्र पर भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर और कपिल देव के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर, स्टीव वॉ, इयान चैपल, बेलिंडा क्लार्क और किम ह्यूजेस; इंग्लैंड के माइक एथर्टन, नासिर हुसैन, माइक ब्रेयरली और डेविड गोवर; वेस्टइंडीज के क्लाइव लॉयड; और न्यूजीलैंड के जॉन राइट ने भी हस्ताक्षर किए हैं। पूर्व कप्तानों ने लिखा कि उनके स्वास्थ्य से संबंधित हालिया रिपोर्टों - विशेष रूप से हिरासत में रहते हुए उनकी दृष्टि में आई चिंताजनक गिरावट - और पिछले ढाई वर्षों से उनकी कैद की स्थितियों ने हमें गहरी चिंता में डाल दिया है।

## स्वर्ण पदक जीतकर लौटी सोनू सम्मानित

जयपुर, 17 फरवरी। राजस्थान महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष राखी राठौर ने ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज महिला



कबड्डी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर लौटी सोनू यादव को सॉल और बुके देकर किया सम्मानित। राखी राठौर ने सोनू को आशीर्वाद देते हुए कहा कि गोल्ड मेडल जीतकर न केवल डिपार्टमेंट का बल्कि पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। राखी राठौर ने कहा कि आप भाग्यशाली है कि आपको कटारिया जैसे कोच मिले। उन्होंने कहा कि कटारिया ने भवानी निकेतन महिला महाविद्यालय मै कोचिंग देकर 21 साल तक कबड्डी मै कॉलेज चैम्पियन रही और इन्होंने कई राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकाले । राठौर ने कहा कि सोनू बहुत होनहार खिलाड़ी है और यह जरूर एक दिन भारतीय महिला कबड्डी टीम मै फिर प्रतिनिधित्व करेगी। उन्होंने कहा कि सोनू के पहले शोल्डर का ऑपरेशन हुआ फिर पैर मै लिगामेंट टूट गया इन सबसे उभरती हुई इस खिलाड़ी ने हिम्मत नहीं हारी और लगातार मेहनत कर यह साबित कर दिया कि मै बेस्ट हु जो आप सबके सामने हैं।

## भारत सुपर-8 में दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज से भिड़ेगा

नई दिल्ली, 17 फरवरी। टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में भारत के प्रतिद्वंद्वी की पुष्टि हो गई है। जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद टूर्नामेंट के अगले चरण के लिए क्वालीफाई कर लिया है। भारतीय टीम सुपर आठ चरण के ग्रुप 1 में है और विश्व कप खिताब बचाने की कोशिश करेगी। टी20 विश्व कप की मौजूदा चैंपियन भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के अपने तीसरे मैच में पाकिस्तान को हराकर सुपर आठ में जगह बनाई। विश्व कप में अजेय रहने वाली भारतीय टीम ऐतिहासिक खिताब बचाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

मौजूदा चैंपियन अब जिम्बाब्वे, वेस्ट इंडीज और पिछले सीजन के उपविजेता दक्षिण अफ्रीका के साथ ग्रुप में हैं। भारत 22 फरवरी को अहमदाबाद में दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा, फिर 26 फ़रवरी को चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलेगा और सुपर 8 चरण का समापन 1 मार्च को कोलकाता में वेस्ट इंडीज के खिलाफ मैच से करेगा। भारत ने रविवार को कोलंबो में अपने कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 61 रनों से हराकर सुपर 8 चरण में जगह बनाई। भारत फिलहाल ग्रुप ए में तीन में से तीन मैच जीतकर शीर्ष पर है।

भारत अपना आखिरी ग्रुप स्टेज मैच बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेगा। दोनों देशों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सिर्फ एक बार एक-दूसरे का सामना किया है, जिसमें भारत ने सिडनी में खेले गए 2022 टी20 विश्व कप में जीत हासिल की थी। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम अमेरिका, नामीबिया और पाकिस्तान को हराने के बाद लगातार चौथी जीत पर नजर रखेगी। नीदरलैंड्स की पाकिस्तान से हार और अमेरिका से करारी हार ने सुपर 8 में क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। स्कॉट एडवर्ड्स की टीम को अब तक सिर्फ नामीबिया पर मिली जीत ही हासिल हुई है।

भारत टी20 विश्व कप 2026 में अब तक अपराजित है और उसने अपने सभी मैच जीते हैं। उन्होंने अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ एक करीबी मुकाबले में जीत के साथ की। इसके बाद, भारतीय टीम ने अपने दूसरे मैच में नामीबिया को आसानी से हरा दिया, हालांकि उनकी बल्लेबाजी में आखिरी ओवरों में लड़खड़ाहट हुई थी। फिर उन्होंने कोलंबो में पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी। भारत का सामना 18 फरवरी को नीदरलैंड्स से होगा, जो लीग चरण का उनका आखिरी मैच है। यह मैच भारत के लिए औपचारिकता मात्र है, लेकिन नीदरलैंड्स के लिए सुपर आठ में चमत्कारिक प्रवेश करने का एक सुनहरा मौका है। भारत विश्व कप में इतिहास रचने की कोशिश कर रहा है। वह टी20 खिताब का बचाव करने वाली, घरेलू मैदान पर खिताब जीतने वाली और साथ ही तीन टी20 विश्व खिताब जीतने वाली पहली टीम बनने का प्रयास कर रहा है।

## युवा विस्फोटक बल्लेबाज डेवॉल्ड ब्रेविस की फॉर्म पर टिकी निगाहें

नई दिल्ली, 17 फरवरी। दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम और महत्तवहीन जैसे मुकाबले में बुधवार को यहां जब संघर्ष कर रहे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ उतरेगा तो उसकी निगाहें युवा विस्फोटक बल्लेबाज डेवॉल्ड ब्रेविस की फॉर्म पर टिकी होंगी। दक्षिण अफ्रीका तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है।इसमें अफगानिस्तान के खिलाफ दो सुपर ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत और न्यूजीलैंड पर सात विकेट की प्रभावशाली विजय शामिल है। यूएई के लिए यह मुकाबला मार्को यानसन, कागिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ खुद को परखने का मौका होगा।

## टी-20 विश्वकप : सुनील गावस्कर की अभिषेक शर्मा को सलाह, विश्व कप में फार्म वापसी पर जोर



नई दिल्ली, 17 फरवरी। टी-20 विश्व कप में युवा ओपनर अभिषेक शर्मा की धीमी शुरुआत को लेकर चर्चा तेज है और अब पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने उन्हें सादा लेकिन अहम सलाह दी है। लगातार दो मैचों में खाता खोले बिना आउट होने के बाद अभिषेक पर दबाव बढ़ा है, ऐसे में गावस्कर ने उन्हें बुनियादी बातों पर ध्यान देने की नसीहत दी है।

बता दें कि टी20 विश्व कप 2026 में अभिषेक अब तक अपनी लय हासिल नहीं कर पाए हैं। सुनील गावस्कर ने कहा कि अभिषेक को सबसे पहले एक सिंगल लेकर अपना खाता खोलना चाहिए, उसके बाद ही बड़े शॉट्स खेलने की कोशिश करनी चाहिए। उनके मुताबिक क्रीज पर समय बिताने से आत्मविश्वास लौटता है और फिर स्वाभाविक आक्रामक खेल सामने आता है।

गौरतलब है कि 23 वर्षीय अभिषेक टूर्नामेंट से पहले शानदार फॉर्म में थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक जड़कर सुर्खियों में आए थे। हालांकि विश्व कप के दौरान वह बीमार पड़ गए और नामीबिया के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल सके। मौजूद जानकारी के अनुसार, अस्पताल से लौटने के बाद कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में भी वह बिना खाता खोले आउट हो गए। लगातार दो 'डक' के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वह शुरुआत में जरूरत से ज्यादा आक्रामक होने की कोशिश कर रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि टी20 प्रारूप में तेज शुरुआत महत्वपूर्ण होती है, लेकिन बल्लेबाज को परिस्थितियों के अनुरूप संतुलन भी बनाना पड़ता है।

गावस्कर ने भी इसी ओर इशारा करते हुए कहा कि जब खिलाड़ी सेट हो जाता है, तब वह अपनी सीमाओं से बाहर जाकर बड़े शॉट खेल सकता है। भारत पहले ही सुपर 8 चरण में जगह बना चुका है, ऐसे में टीम प्रबंधन के पास अभिषेक को दोबारा आत्मविश्वास हासिल करने का मौका देने का विकल्प है। यदि वह शुरुआती दबाव से निकलकर अपनी स्वाभाविक लय में लौटते हैं, तो मध्यक्रम पर भी दबाव कम होगा।

## हार्दिक सिंह को मिली टीम की कमान, निजी कारणों से होबार्ट चरण से बाहर हुए हरमनप्रीत सिंह

नई दिल्ली, 17 फरवरी। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत हो रही है। नियमित कप्तान और स्टार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह के निजी कारणों से हटने के बाद, अनुभवी मिडफील्डर हार्दिक सिंह को आगामी एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यह टूर्नामेंट 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट में खेला जाएगा। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की शर्मनाक हार भी शामिल है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, "राउरकेला में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा और परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे लेकिन हमने कुछ अच्छे सबक सीखे हैं और कुछ उल्लेखनीय सुधार किए हैं।" नए कप्तान हार्दिक दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। टीम में अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने राउरकेला चरण के दौरान सीनियर टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था।



## अंडर-23 सीकेएन क्वार्टरफाइनल मैच के लिए टीम घोषित

जयपुर, 17 फरवरी। आरसीए-छत्तीसगढ़ के बीच 21-24 फरवरी, 2026 को रायपुर में खेले जाने वाले अंडर-23 सीकेएन क्वार्टर फाइनल मैच के लिए चुनी गई। आरसीए अंडर-23 टीम नीचे दी गई है:- सुमित गोदारा, रजत भगेल, रोहन राजभर, करण लांबा, राज शर्मा, अनिरुद्ध सिंह, चेतन शर्मा, गणेश सुथार, दीपेंद्र सिंह, नीलेश टांक, दर्शन जैन, रामेश्वर लाल गायरी, मोहित चांगरा, अव्यांश सिंह, सचिन यादव, हार्दिक मेवाड़ा।

## एमवीसी कप के उद्घाटन मुकाबलों में विमल एरियन अचीवर्स और जिंदल पोलो की जीत

### जयपुर पोलो सीजन 2026



जयपुर, 17 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत आयोजित प्रतिष्ठित जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप (14 गोल्स) के उद्घाटन मुकाबले मंगलवार को पीपीसी और आरपीसी ग्राउंड पर खेले गए। पहला मुकाबला पीपीसी ग्राउंड पर टीम विमल एरियन अचीवर्स और टीम कैरेसिल सुहाना के बीच खेला गया, जिसमें विमल एरियन अचीवर्स ने 12-9 के अंतर से जीत दर्ज की।

दूसरा मुकाबला आरपीसी ग्राउंड पर टीम जयपुर अरावली और टीम जिंदल पोलो के बीच हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में जिंदल पोलो ने 12-11 के स्कोर से जीते। जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर एचएच महाराजा सवाई भवानी सिंह, एमवीसी कप का फाइनल मुकाबला शनिवार, 21 फरवरी को दोपहर 3:30 बजे से राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड (आरपीसी) पर खेला जाएगा।

**टीम कैरेसिल सुहाना बनाम टीम विमल एरियन अचीवर्स -** विजेता टीम विमल एरियन अचीवर्स की ओर से ध्रुवपाल गोदारा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल किए, जबकि अलेजो अरामबुरु ने 2 गोल किए। डेनियल ओटामेंडी और सलीम आजमी ने 1-1 गोल हासिल किए। वहीं, टीम कैरेसिल सुहाना की ओर से माटियास वायल ने 4 गोल किए। मैनुअल प्राडो और कुलदीप सिंह राठौड़/भवानी कालवी ने 2-2 गोल किए, जबकि अशोक चांदना/डिनो धनखड़ ने 1 गोल हासिल किया।

**टीम जयपुर अरावली बनाम टीम जिंदल पोलो-** विजेता टीम जिंदल पोलो की ओर से मैक्स चार्लटन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 गोल किए। नवीन जिंदल ने 2 गोल किए, वहीं सिद्धांत शर्मा और सिमरन शेरगिल ने 1-1 गोल किया। दूसरी ओर, टीम जयपुर अरावली की ओर से लांस वॉटसन ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 8 गोल किए। हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह, प्रताप सिंह कानोता और मैनुअल फर्नांडीज लोरेंटे ने 1-1-1 गोल का योगदान दिया। बुधवार, 18 फरवरी को रेस्ट डे रहेगा। गुरुवार, 19 फरवरी को क्रॉस सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। इन मुकाबलों में टीम कैरेसिल सुहाना और टीम जिंदल पोलो के बीच मुकाबला होगा, वहीं दूसरा मैच टीम विमल एरियन अचीवर्स और टीम जयपुर अरावली के बीच खेला जाएगा।



## बीकानेर डिवीजन ने इंटर डिवीजन जीता

जयपुर, 17 फरवरी। गणपति नगर रेलवे ग्राउंड पर खेले जा रहे इंटर डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में गौरव खत्री के ऑलराउंड प्रदर्शन से बीकानेर डिवीजन ने जयपुर डिविजन को 18 रन से हराया। जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए बीकानेर डिवीजन ने 25 ओवर में 202/8 रन बनाए। जिसमें गौरव खत्री ने 93 रन व विनोद चांवरिया ने 36 व जुबेर अली खान ने 34 रन का योगदान दिया। जयपुर डिविजन के गेंदबाजी की ओर से अंशुल गढ़वाल व आकाश साहू ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में जयपुर डिविजन 25 ओवर में 184/9 मना सकी। जिसमें पवन पटवा ने 47 रन व धर्मवीर कुमार सैनी ने 34 रन व गौरव मीणा ने 30 रन का योगदान दिया। बीकानेर डिवीजन के गेंदबाजी की ओर से गौरव खत्री ने 3 विकेट व विनीत और जुबेर ने 2-2 विकेट लिए। मैन ऑफ़ द मैच - गौरव खत्री, टूर्नामेंट बेस्ट प्लेयर - गौरव खत्री, टूर्नामेंट बेस्ट बैट्समैन - अंशुल गढ़वाल, टूर्नामेंट बेस्ट बॉलर - गौरव खत्री रहे।

### के.एल. सैनी 'ए' डिवीजन लीग

## राजस्थान यूथ व चंबल स्पोर्ट्स जीते





जयपुर, 17 फरवरी। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित तथा वन रियलिटी द्वारा प्रायोजित के एल सैनी ए डिवीजन लीग में आज खेले गए मैचों में राजस्थान यूथ ने सुराना एकेडमी को 121 रनो से हराया तथा चंबल स्पोर्ट्स ने राजीव गांधी क्रिकेट क्लब को 72 रनो से हराया। राजस्थान यूथ की टीम लगातार चौथी जीत के साथ अंकतालिका में 8 प्वाइंट के साथ पहले स्थान पर है।

के एल सैनी स्टेडियम पर राजस्थान यूथ ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अभय शर्मा के 43 रन, जयंत ताम्बी के 37 रन, भावित कुमावत के 65 रन, कुमार वासुदेव के 62 रन, रिहान अली के 25 रन, हिमांशु राणा के 12 रन व रोहन सिंह के नाबाद 15 रनो से 50 ओवर में 7 विकेट पर 294 रन बनाए। सुराना एकेडमी के लिए आदित्य झाला ने 56 पर 2, विकास झारवाल, अभिषेक यादव व आशीष इंदौरिया ने एक - एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में सुराना एकेडमी की टीम प्रशांत यादव 34 रन, हर्ष परवानी 46 रन व आशीष इंदौरिया 34 रन से 39.1 ओवर में 173 रनो पर सिमट गई। राजस्थान यूथ के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हिमांशु राणा ने 16 पर 2, शुभम सिंह ने 23 पर 2, गौरव पुनिया ने 52 पर 3, रोहन सिंह ने 20 पर 2 व कैफ गुडएज ने 40 पर एक विकेट लिया।

**दूसरे मैच में जयपुरिया ग्राउंड पर चंबल स्पोर्ट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राहुल** खंडेलवाल के 88 रन, हार्दिक कुक्कड़ के 63 रन, गौरव सैनी के 22 रन व हिमान्य भारद्वाज के 24 रनो से 48 ओवर में 248 रन बना कर आउट हुई। राजीव गांधी क्लब के लिए आयुष गुर्जर ने 35 पर 4, मनय कटारिया ने 63 पर 3, राजवीर सिंह व विजय शर्मा ने एक - एक विकेट लिया। जवाबी पारी में राजीव गांधी क्लब की टीम मनय कटारिया 22 रन, राजवीर सिंह 53 रन, रक्षित कुमावत 37 रन व श्याम सुंदर के 17 रनो से 45 ओवर में 177 रन बनाकर आउट हो गई। चंबल स्पोर्ट्स के लिए तोषित भाटिया ने 31 पर 3, कार्तिक बदलानी 32 पर 2, दिव्यांश शर्मा 39 पर 2, हिमान्य भारद्वाज 24 पर 2 व अभिजय भंडारी ने 25 पर एक विकेट लिया।

# भारत विस्तार तकनीकी प्रणाली किसानों की खुशहाली बढ़ायेगी- भजनलाल

## केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह व मुख्यमंत्री ने जयपुर में ''भारत विस्तार'' का शुभारंभ किया

जयपुर, 17 फरवरी। केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ''भारत विस्तार'' के माध्यम से कृषि में डिजिटल क्रांति का शंखनाद हुआ है। इस प्लेटफॉर्म से अन्नदाता किसानों को एआई आधारित प्रणाली में सही समय पर उनकी खेती से जुड़ी विविध जानकारियां त्वरित मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि गुलाबी नगरी जयपुर से पूरे देशभर में शुरू हुए इस एआई आधारित नवाचार से किसानों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर समग्र कृषि सेवाएं प्रदान की जाएंगी। चौहान मंगलवार को दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित भारत विस्तार के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में शुरू किया गया है तथा भविष्य में यह 11 अन्य भारतीय भाषाओं में भी शुरू होगा।

- **केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में कृषि क्षेत्र में नए-नए प्रयोग किए जा रहे हैं। कृषि में तकनीक की उपयोगिता से राजस्थान देश को दिशा दिखा रहा है।**



*केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को जयपुर में दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित ''भारत विस्तार'' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।*

चौहान ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राजस्थान में कृषि क्षेत्र में नए-नए प्रयोग किए जा रहे है। साथ ही, कृषि में तकनीक की उपयोगिता से राज्य देश को दिशा भी दिखा रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय कृषि मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ए.आई. के माध्यम से लागू होने वाली प्रणाली भारत विस्तार कृषि के आधुनिकीकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। यह किसानों की खुशहाली को और बढ़ाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत विस्तार के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी जानकारी और सेवाएं सीधे बातचीत के माध्यम से तुरंत उनकी भाषा में मिलेंगी।

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि राज्य सरकार उन्नत एवं तकनीक आधारित कृषि को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री एवं मुख्यमंत्री ने 'एआई हैकथॉन' तथा 'एग्री कोष' तथा ''एआई फॉर एग्रीकल्चर'' रोडमैप को भी लॉन्च किया।

## जाते-जाते ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आलोचक रहे हैं। खास बात यह है कि मेजर अहमद ने हाल ही में कहा है कि ''भारत बांग्लादेश की संप्रभुता को स्वीकार नहीं करता।'' वहीं, नूरुल हक नूर और जोनायेद साकी जैसे नेता, जो 2024 के आंदोलन के दौरान मशहूर हुये थे, उन्हें भी राज्य मंत्री बनाया गया है। ये नेता अक्सर ''इंडिया आउट'' अभियान चलाते रहे हैं और बांग्लादेश की आंतरिक नीतियों में भारत के कथित हस्तक्षेप के खिलाफ प्रदर्शन करते रहे हैं। इन घटनाओं से संकेत मिलता है कि बांग्लादेश अब ज्यादा दृढ़ और राष्ट्रवादी रुख अपना रहा है। ये घटनाएं साफ दिखाती हैं कि पिछली सरकार के समय का भारत-बांग्लादेश संबंधों का ''स्वर्णिम दौर'' अब समाप्त हो गया है।

ध्यान देने वाली बात यह है कि मोहम्मद यूनुस पहले भी कई बार भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों को शामिल करते हुए एक क्षेत्रीय आर्थिक समूह की बात कर चुके हैं। उन्होंने बांग्लादेश को इस नए आर्थिक समूह का मुख्य प्रवेश द्वार बताया है, तथा यह देश स्थल से घिरे पड़ोसी देशों और वैश्विक अर्थव्यवस्था के बीच प्रमुख कड़ी के रूप में काम करेगा। अपने विदाई भाषण में यूनुस ने फिर कहा, ''हमारा खुला समुद्र केवल भौगोलिक सीमा नहीं है, बल्कि बांग्लादेश के लिए वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ने का खुला दरवाजा है। यह क्षेत्र, नेपाल, भूटान और सैवन सिस्टर्स (भारत के सात पूर्वोत्तर राज्य) के साथ मिलकर बहुत बड़ी आर्थिक क्षमता एवं सम्भावना रखता है।''

# राजस्थान हाई कोर्ट के कार्यवाहक न्यायाधिपति ने जोधपुर के आठ न्यायिक अधिकारियों को एपीओ किया

- **अचानक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए या कार्य के प्रति उदासीन व लापरवाही बरत रहे न्यायिक अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्यवाही।**
- **एपीओ किये गए अधिकारियों में जोधपुर महानगर के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय शर्मा भी शामिल हैं, जिन्हें हाई कोर्ट में हाजिरी लगाने के आदेश दिये गये हैं।**

जोधपुर/जालोर,17 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान की न्यायिक व्यवस्था से जुड़ी एक अहम प्रशासनिक कार्रवाई में राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने मंगलवार को अचानक निरीक्षण करने के बाद, जिला न्यायाधीश और वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश स्तर के आठ न्यायिक अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से एपीओ कर दिया।

हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल चंचल मिश्रा ने आदेश जारी कर बताया कि मंगलवार को हाईकोर्ट जोधपुर के न्यायाधिपति ने जिला न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालय का अचानक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कार्य के प्रति उदासीनता व लापरवाही बरतने पर अजय शर्मा जिला एवं सत्र न्यायाधीश जोधपुर महानगर को एपीओ करके में हाईकोर्ट में हाजिरी लगाने के आदेश दिये। वहीं, मनीषा चौधरी विशिष्ट न्यायाधीश पोक्सो न्यायालय जोधपुर, मनीषा शर्मा एडीजे नम्बर द्वितीय जोधपुर महानगर, नेहा शर्मा अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जोधपुर, करुणा शर्मा सीनियर सिविल जज एवं सीजेएम जोधपुर, प्रवीण चौधरी अतिरिक्त सीनियर सिविल जज कम एसीजेएम नं. द्वितीय जोधपुर, सीमा संधु अतिरिक्त सीनियर सिविल जज कम एसीजेएम नं. 9 व मनोज जींगर अतिरिक्त सीनियर सिविल जज कम एसीजेएम नं. 7 को एपीओ करके मुख्यालय जिला एवं सत्र न्यायालय जोधपुर में हाजिरी लगाने के आदेश दिए गए। आदेश जारी होने के बाद न्यायिक हल्कों में हलचल तेज हो गई है और इसे जोधपुर की न्यायिक व्यवस्था में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल माना जा रहा है। आदेश के अनुसार, जोधपुर महानगर एवं जिला न्यायालयों में कार्यरत कई महत्वपूर्ण पदों पर तैनात अधिकारियों को उनके वर्तमान पदों से हटाकर मुख्यालय हाईकोर्ट या जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय में पदस्थापन आदेश की प्रतीक्षा में रखा गया है। प्रशासनिक तौर पर इसे नियमित प्रक्रिया बताया गया है, लेकिन एक साथ इतने अधिकारियों के एपीओ होने से इस कदम को बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## इण्डिया एआई समिट में ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

परिणामस्वरूप, दो समानांतर कथाएँ एक साथ चल रही हैं, एक जो पुनर्विचार का सुझाव देती है, और दूसरी जो भागीदारी की पुष्टि करती है। समीक्षा की शुरुआत अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा एप्स्टीन से जुड़े आंतरिक दस्तावेजों के रिलीज़ होने से हुई। लाखों पृष्ठों में से कुछ ड्राफ्ट ईमेल्स और नोट्स शामिल हैं, जिनमें एक वर्ष 2013 का ड्राफ्ट भी हैं, जिसमें गेट्स के व्यक्तिगत जीवन को लेकर दावे किए गए हैं। ये दस्तावेज़ आपराधिक आरोपों या न्यायिक निष्कर्षों का प्रतिनिधित्व नहीं करते। इन दस्तावेजों में उल्लिखित होना अदालत में किसी आरोप के बराबर नहीं है।

गेट्स ने पहले स्वीकार किया था कि उन्होंने 2010 के दशक की शुरुआत में एप्स्टीन से मुलाकात की थी, और इन मुलाकातों को उन्होंने एक गलती माना था, जो परोपकारी चर्चाओं से जुड़ी थी। उन्होंने गलत काम करने से इनकार किया, कहा कि उन्होंने एप्स्टीन के द्वीप पर कभी यात्रा नहीं की, और अधिक सनसनीखेज दावों को गलत बताया। फिर भी, यह केवल जुड़ाव, चाहे वह कितना भी अप्रत्यक्ष क्यों न हो, सार्वजनिक संवेदनाओं को फिर से उभारने का कारण बन गया। वायरल अंशों और सुर्खियों से प्रेरित आक्रोश के इस युग में विवाद तेजी से फैलते है, सूक्ष्म बातें नहीं फैलतीं। भारत के लिए, ए.आई. इम्पैक्ट समिट सिर्फ एक सम्मेलन नहीं है। यह एक महत्वाकांक्षा का बयान है, जो देश को वैश्विक ए.आई. शासन में एक जिम्मेदार और प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर रहा है। ऐसे संदर्भ में, जो दिखता है, वही मायने रखता है, गेट्स जैसे शख्स की उपस्थिति वैश्विक भागीदारी को मजबूत करती है। लेकिन ऐसी भागीदारी से जुड़ा कोई भी विवाद समिट के वास्तविक एजेंडे से ध्यान हटा सकता है।यह भ्रम आपस में जुड़ी हुई तीन चीजों की वजह से है, वेबसाइट पर बिना स्पष्टीकरण के लिस्टिंग बदल दी गई, जाने-माने स्त्रोतों से प्राप्त मीडिया रिपोर्ट्स, और गेट्स फाउंडेशन से प्राप्त स्पष्ट स्पष्टीकरण। इन सब चीजों को जोड़ने वाली एक प्राधिकृत और आधिकारिक घोषणा नहीं करने से अटकलों को और बढ़ावा मिला है। अब तक, ऐसी कोई औपचारिक सरकारी घोषणा नहीं है, जो यह स्पष्ट करे कि गेट्स को औपचारिक रूप से हटा दिया गया है। न ही समिट आयोजकों से कोई सार्वजनिक और विस्तृत पुष्टि मिली है, जो फाउंडेशन के दावे के अलावा उनके अंतिम भाषण कार्यक्रम को स्पष्ट करे। जो बचा है, वह एक ''कन्युनिकेशन गैप'' है, जो यह दिखाता है कि कैसे तेजी से प्रतिष्ठा, कूटनीति और डिजिटल राजनीति एक दूसरे से जुड़ते हैं। एक समिट, जिसमें एल्गोरिद्म और आर्टिफिशियल इंटैलीजैंस पर चर्चा की जानी है, लेकिन उसमें मानव दृष्टिकोण और संस्थागत संदेश मूल कहानी बन गए हैं।

## क्या टूट ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कांग्रेस राज्य में तब ही कुछ सीटें जीतती है, जब द्रमुक जीतती है और सत्ता में आती है। जब द्रमुक हारती है, तो कांग्रेस भी स्वाभाविक रूप से हार जाती है। दिलचस्प बात यह है कि तमिलनाडु में अन्ना द्रमुक -भाजपा गठबंधन मुश्किल में है, लेकिन फिर राहुल की टीम को यह समझना होगा कि उन्हें किस तरफ फायदा है।

## गावस्कर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

प्रतीक के रूप में सम्मानित हैं, के साथ उनके पद के अनुरूप सम्मानजनक व्यवहार किया जाए''

''हम पाकिस्तान सरकार से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं कि इमरान खान को उनके स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए योग्य विशेषज्ञों से तत्काल, पर्याप्त और निरंतर चिकित्सा दी जाए।

गावस्कर ने कहा, ''यह जो कुछ हो रहा है, वह बहुत खराब है। हम मैदान पर सिर्फ प्रतिद्वंदी नहीं थे, बल्कि जब वे वर्सेस्टरशायर के लिए एक विदेशी खिलाड़ी के रूप में चयनित होने की कोशिश कर रहे थे, तब हम दोस्त भी थे।''

## तीस साल ''बेगमों की ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

इन दोनों बेगमों ने व्यक्तिगत प्रभाव और काफी हद तक तानाशाही तरीके से बांग्लादेश पर शासन किया। यह दो बेगमों के दौर का अंत है और उम्मीद है कि यह बांग्लादेश की राजनीति और शासन में एक नए दौर की शुरुआत होगी।

चुनाव जीतने के तुरंत बाद अपने बयान में तारिक रहमान ने कहा था कि नई सरकार को सभी बांग्लादेशियों के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने ''रेनबो नेशन'' की बात कही थी। शुरुआत से ही यह साफ दिखने लगा है कि नए प्रधानमंत्री को किन समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पश्चिमी देशों में सत्रह साल के निर्वासन के बाद लौटे रहमान के शुरुआती बयानों से यह लगा कि वे विकास को प्राथमिकता देते हुए एक नए बांग्लादेश का निर्माण करना चाहते हैं। बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था कमजोर हो चुकी है और कपड़ा निर्यात पर उसकी अत्यधिक निर्भरता अब उसके अस्तित्व के लिए खतरा बन रही है।नए प्रधानमंत्री अपनी विदेश नीति और भारत के साथ संबंधों को लेकर भी गंभीर चुनौती का सामना कर रहे हैं। मोहम्मद यूनुस ने कई तरीकों से दोनों पड़ोसी देशों के बीच दुश्मनी भरे रिश्तों को और बढ़ाने की कोशिश की थी। उन्होंने पड़ोसी देशों के रिश्तों में बिगड़ती हालत को और बढ़ाने की कोशिश की थी। मोहम्मद यूनुस ने भारत के उत्तर-पूर्व के ''सेवन सिस्टर्स'' के बारे में टिप्पणी करके भारतीय चिंताओं को बढ़ाया था। उन्होंने कहा था कि ये क्षेत्र जमीन से घिरे हुए हैं और समुद्र तक पहुंचने का उनका एकमात्र रास्ता बांग्लादेश से होकर जाता है। नई सरकार के लिए ये मुद्दे अभूतपूर्व समस्याएं पैदा कर सकते हैं। देश की नई सरकार के सामने आर्थिक विकास, बढ़ती महंगाई और लोगों, खासकर युवाओं, में बढ़ती बेरोजगारी जैसी समस्याएं सबसे बड़ी चुनौती हैं। रहमान की नई सरकार को, इन समस्याओं को हल करने में उसकी उपलब्धियों के आधार पर आंका जाएगा, न कि भारत के खिलाफ राजनीतिक बढ़त लेने की कोशिशों के आधार पर। यह बिल्कुल स्पष्ट है कि अगर यूनुस की अंतरिम सरकार द्वारा उठाए गए भड़काऊ मुद्दे जारी रहे, तो भारत और बांग्लादेश के बीच सहयोग की सभी संभावनाएं खत्म हो सकती हैं।

## मैक्रों से ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

साथ भारत की वित्तीय राजधानी मुम्बई पहुंचे थे। मैक्रों का 2017 में सत्ता संभालने के बाद यह भारत का चौथा दौरा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति का यह दौरा पिछले हफ्ते दिल्ली द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद हुआ है कि वह राफेल जेट्स के लिए एक बड़ा ऑर्डर देने का इरादा रखते हैं, साथ ही जनवरी में भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। मैक्रों के ऑफिस ने कहा, ''इस दौरे के माध्यम से, हम भारत के साथ सहयोग को और मजबूत करने और फ्रांस की आर्थिक और व्यापारिक साझेदारियों को विविध करने की कोशिश कर रहे हैं।''





**BIKANER: NH-89 JAISALMER ROAD, BIKANER,** DUDI MOTORS: 8306993375 | **OPPOSITE BBS SCHOOL, JAIPUR ROAD, BIKANER,** AURIC MOTORS PVT. LTD.: 8875911509, 8003098512 | **SRIGANGANAGAR: NEAR KALPATRU WAREHOUSE, NH-15, SRIGANGANAGAR,** AURIC MOTORS: 7412059862, 8696543585 | **SATIPURA, HANUMANGARH TOWN BYPASS,** AURIC MOTORS: 8114425977, 8003995054, 9352166669.


**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा,** आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:**-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665, **जालोर कार्यालय :**- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :**- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908